**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 169 लखनऊ, गुरूवार 06 फरवरी 2025 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के साथ किया त्रिवेणी में स्नान



महाकुम्भ नगर, नई दिल्ली 05 फरवरी (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया ।वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रध ाानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया ।त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधि ावत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए ।महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविध ााओं के विषय में सीएम योगी से जानकारी लेते हुए भी दिखाई दिए। बोट से भ्रमण के दौरान पीएम ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया ।श्री मोदी जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे। उनके आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई।

## पालिटेक्निक कालेजों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ेगी योगी सरकार



लखनऊनई दिल्ली 05 फरवरी (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के चार राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार किया जा रहा है। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविध ााओं से सुसज्जित करने से छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिलेगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को नया आयाम मिलेगा। प्रदेश के संभल, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर और औरैया स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक, चंदौसी, सम्भल, एम.एम.आई.टी., सिद्धार्थनगर, राजकीय पॉलिटेक्निक, छाछा भोगांव, मैनपुरी, एम.एम.आई. टी., औरैया शामिल है। इस कॉलेजो में विद्यार्थियों के लिए लैंग्वेज लैब, लेक्चर रूम, ट्यूटरियल रूम और गर्ल्स कॉमन रूम के निर्माण के साथ साथ 50—सीटेड सेमिनार हॉल और कॉलेजों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बकायदा शासनादेश जारी किया गया है, इसके लिए करोड़ों रुपये की धनराशि भी स्वीकृ त किया गया है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि सरकार का यह कदम प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह श्नए भारत के नए उत्तर प्रदेशश के विजन को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आधुनिक प्रयोगशालाओं, सेमिनार हॉल और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास से छात्रों को व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, जिससे वे उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बन सकेंगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें तकनीकी शिक्षा से जोड़ने पर फोकस किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इससे पहले भी राज्य सरकार ने मिशन रोजगार के तहत विभिन्न तकनीकी संस्थानों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए व्यापक निवेश किया है। सूत्रों ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के विस्तार को लेकर सरकार नई नीतियों और योजनाओं पर लगातार कार्य कर रही है। इस नई परियोजना से न केवल छात्रों को उन्नत सुविधाएँ मिलेंगी, बल्कि शिक्षक और प्रशासनिक स्टाफ को भी शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो। इस दिशा में हो रहे प्रयासों का लाभ न केवल छात्रों को मिलेगा, बल्कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को भी गति मिलेगी। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। इससे युवाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ—साथ भविष्य के रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताएँ हासिल करने में मदद मिलेगी।

## सम्राट चौधरी का सवाल, राहुल गांधी बतायें कि कर्नाटक की जातीय जनगणना रिपोर्ट जारी क्यों नहीं हुई ?

***चौधरी ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं। उन्हें बिहार की जातीय जनगणना ही नहीं, देश के चुनाव आयोग, ईवीएम, संसद और विधान सभाओं के फैसले तक फर्जी लगते हैं।***



पटना 05 फरवरी (एजेंसी) उपमुख्यमंत्री सम्राट चौध ारी ने कहा कि बिहार विधान मंडल में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव के अनुसार जो जातीय सर्वेक्षण हुआ, उस पर सवाल उठा कर राहुल गाँधी बिहार का अपमान कर रहे हैं। चौधरी ने कहा संविधान की फर्जी कॉपी लेकर घूमने से संविधान की रक्षा नहीं होती। वे बतायें कि कांग्रेस ने अपने 60 साल के राज में जातीय जनगणना क्यों नहीं करायी? उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी को बिहार के जातीय सर्वेक्षण पर टिप्पणी करने से पहले बताना चाहिए कि कर्नाटक सरकार ने 2016 में 160 करोड़ रुपये खर्च कर जो जातीय जनगणना करायी, वह 8 साल बाद भी जारी क्यों नहीं हुई? कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में कब जातीय जनगणना करायेगी? तेलंगाना में जो जातीय सर्वेक्षण हुआ, उसे कांग्रेस लागू क्यों नहीं कर पायी? चौधरी ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं। उन्हें बिहार की जातीय जनगणना ही नहीं, देश के चुनाव आयोग, ईवीएम, संसद और विधान सभाओं के फैसले तक फर्जी लगते हैं। उन्होंने कहा राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उनकी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए ही नहीं, विपक्ष में आने पर भी संवैधानिक संस्थाओं का अपमान जारी रखा। चौधरी ने कहा कि कर्नाटक की जातीय जनगणना यदि फर्जी नहीं है, तो राहुल गाँधी उसे जारी कराने का साहस क्यों नहीं दिखाते? इस साल 15 जनवरी की तारीख तय होने के बाद किसके दबाव में जनगणना की रिपोर्ट जारी नहीं की गई ?

## बीजेपी गदगद, कहा- नतीजे भी हमारे पक्ष में होंगे, आप का अलग दावा

***बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अभी जो एग्जिट पोल मैंने देखे, मुझे ऐसा लग रहा है कि हमारे सटीक पोल (नतीजे) एग्जिट पोल से बेहतर होंगे। हमने लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया देखी, उससे पता चलता है कि बीजेपी (दिल्ली मे) सत्ता में आ रही है। यह बीजेपी की घर वापसी है।***



दिल्ली में 70 सीटों के लिए मतदान संपन्न होने के बाद अब एग्जिट पोल भी आने लगे हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत दिखाया गया है। इसके बाद भाजपा नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि 8 तारीख को जब नतीजे आएंगे, वह भी हमारे पक्ष में ही होंगे। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता को बध ाई देना चाहता हूं, दिल्ली की जनता ने आज बीजेपी को इतना प्यार और आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में श्आपदाश जा रही है और बीजेपी आ रही है। सचदेवा ने यह भी कहा कि अगर कोई फर्जी वोटिंग करेगा तो पकड़ा जाएगा। हम पहले दिन से इस बारे में कह रहे हैं और यह अच्छा है कि वे पकड़े गए हैं। दिल्ली के लोग भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहते हैं और विकास चाहते हैं। एग्जिट पोल पर बोले बीजेपी सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा पिछले 10 वर्षों से आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट चेहरे को उजागर कर रही है। जनता समझ गई है कि ।।च और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली में सरकार बनाएगी। चूंकि वे (।।च) चुनाव हार रहे हैं, इसलिए वे अब ईवीएम को दोष देंगे।बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अभी जो एग्जिट पोल मैंने देखे, मुझे ऐसा लग रहा है कि हमारे सटीक पोल (नतीजे) एग्जिट पोल से बेहतर होंगे। हमने लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया देखी, उससे पता चलता है कि बीजेपी (दिल्ली में) सत्ता में आ रही है। यह बीजेपी की घर वापसी है। मैं दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देता हूं। नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह तय है कि 8 फरवरी को कमल खिलेगा। हम दिल्ली में सुशासन, स्वच्छ यमुना और रोजगार देंगे। अरविंद केजरीवाल को भरोसा है कि वह हार रहे हैं।

आप ने भी भरा दम

एग्जिट पोल के अनुसार ग्रेटर कैलाश विधानसभा से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने दिल्ली के तीन चुनाव लड़े हैं और यह चौथा विधानसभा चुनाव है जो हम लड़ रहे हैं। 2013, 2015 के एग्जिट पोल में दिखाया गया था कि हम हारेंगे और 2020 में एग्जिट पोल में दिखाया गया कि हमें कम नंबर मिलेंगे। उसी तरह 2025 में भी यह दिखाया जा रहा है कि हमें कम सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एग्जिट पोल में हमेशा यही दिखाया गया है कि आप को कम वोट मिलेंगे। भाजपा हमेशा आम लोगों की आवाज दबाती है ताकि वे डर के मारे कुछ न बोलें। ।।च का वोट शेयर हमेशा एग्जिट पोल में दिखाए गए वोट से ज्यादा आता है।आप नेता सुशील गुप्ता ने कहा कि यह हमारा चौथा चुनाव है और हर बार एग्जिट पोल में ।।च को दिल्ली में सरकार बनाते नहीं दिखाया गया। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए काम किया है। हम आम आदमी पार्टी के पक्ष में नतीजे देखेंगे और हम सरकार बनाएंगे।श

## दिल्ली चुनाव के लिए वोटिंग खत्म, 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल शुरुआती मतदाताओं में शामिल थे।***




नई दिल्ली 05 फरवरी (एजेंसी) दिल्ली में 70 सीटों के लिए हुए मतदान संपन्न हो चुके हैं। हालांकि शाम 6रू00 तक मतदान केंद्रों के भीतर जा चुके वोटर्स को मत डालने की अनुमति दी गई। दिल्ली चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। दिल्ली में आज सुबह 7रू00 से मतदान शुरू हुए थे। दिल्ली में शाम पांच बजे तक 57.70 प्रतिशत मतदान हुए थे। आम आदमी पार्टी (आप) अपनी शासन व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर तीसरी बार लगातार जीत की उम्मीद कर रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस वापसी की उम्मीद कर रही हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल शुरुआती मतदाताओं में शामिल थे। 'आप' ने अपने शासन मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया और अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री आतिशी ने पूरे शहर में रैलियां कीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों और कानून—व्यवस्था के मुद्दों को लेकर 'आप' पर निशाना साधा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भी जोरदार प्रचार किया और विभिन्न मुद्दों पर 'आप' और भाजपा दोनों पर हमला बोला। चुनाव प्रचार के दौरान ''शीश महल'' विवाद, यमुना के पानी की गुणवत्ता, शासन, कानून—व्यवस्था, महिला कल्याण और मतदाता सूची से छेड़छाड़ के आरोप जैसे मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया गया। चुनाव पूर्व वादों में मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध ा कराए जाने का मुद्दा भी हावी रहा। 'आप' ने छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा, ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए बीमा और मंदिर के पुजारियों तथा गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। दूसरी ओर, भाजपा ने गर्भवती महिलाओं के लिए 21,000 रुपये की वित्तीय सहायता और 500 रुपये में सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया है, जबकि कांग्रेस ने 8,500 रुपये का मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की प्रतिबद्धता जताई है। आठ फरवरी को आने वाले चुनाव परिणामों से साफ होगा कि क्या 'आप' अपनी सरकार बरकरार रख पाती है, भाजपा अपनी हार का सिलसिला तोड़ पाती है या कांग्रेस कोई चौंकाने वाला नतीजा दे पाती है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान

## मुश्किल में सोनिया गांधी, पीएम मोदी ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने शाही परिवार पर आदिवासी पृष्ठभूमि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।**



नई दिल्ली 05 फरवरी (एजेंसी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्बेचाराश कहने पर सोनिया गांध ाी मुश्किल में फंस गई हैं। उनके इस विवादित बयान पर राजनीति हो रही है। बीजेपी लगातार सोनिया पर निशाना साध रही है। वहीं, राजनीतिक हलकों में सोनिया की इस टिप्पणी की तीखी आलोचना हो रही है, जिससे भारत के सर्वोच्च पद के प्रति कांग्रेस पार्टी के रवैये पर बहस तेज हो गई है। कई लोगों ने कांग्रेस नेता पर अभिजात्यवाद और अनादर का आरोप लगाया है।सोनिया गांधी ने क्या कहा?

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोध ान के बाद कहा कि वह अपने संबोधन के अंत में थक गई थीं और मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, श्अंत में, राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं, वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में संबोधन पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां अनुचित, दुर्भाग्यपूर्ण थीं और ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय ने ऐसी टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताया और कहा कि इससे पद की गरिमा को ठेस पहुंची है।

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि यह संभव है कि ये नेता श्हिंदी जैसी भारतीय भाषाओं के मुहावरों और प्रवचनश से परिचित नहीं हैं, इसलिए उन्होंने ऐसी गलत धारणा बना ली। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, श्किसी भी मामले में, ऐसी टिप्पणियां अनुचित, दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह से टालने योग्य हैं।मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशानाप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने शाही परिवार पर आदिवासी पृष्ठभूमि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी को माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सत्रों को संबोधि ात करते हुए श्बेहतरीनश भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का श्शाही परिवारश उनके अपमान पर उतर आया है। पीएम मोदी ने कहा, श्कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार आज देश ने फिर देखा है। आज हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों की उपलब्ध ियों के बारे में बताया, विकसित भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया। हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है।मोदी ने कहा कि श्शाही परिवारश के एक सदस्य ने कहा कि आदिवासी बेटी ने श्बोरिंग भाषणश दिया और दूसरी सदस्य ने तो इससे भी एक कदम आगे बढ़ते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को श्बेचारी और थकी हुईश कहा।

## प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आईरू शाह

नई दिल्ली 05 फरवरी (एजेंसी) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि त्रिपुरा अब देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है, और प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है।अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य मेंभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षोंमें कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं।उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है।''भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर शाह ने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के 'मल्टी—टास्किंग स्टाफ' (ग्रुप—डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है।

## डा.आदर्श शुक्ला ने जनपद का बढ़ाया मान, समाजसेवी ने किया सम्मानित



हैदरगढ़ बाराबंकी(एजेंसी )। जनपद बाराबंकी अन्तर्गत विकासखंड हैदरगढ़ के गांव कमेला निवासी अरुण कुमार शुक्ला के होनहार सुपुत्र आदर्श शुक्ला ने यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई कर अपने पहले ही प्रयास मे एमसीआईध् एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार एवं जनपद का नाम रोशन किया है जिससे क्षेत्र मे खुशी की लहर है और लोगों का शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है वहीं सामाजिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले ग्राम पंचायत भटमऊ,बाजार शुक्ल अमेठी निवासी संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने उनके कमेला स्थित आवास पर पहुंचकर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधाकृष्ण प्रतिमा एवं डायरी तथा पेन भेंटकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की उक्त अवसर पर होनहार के पिता अरुण कुमार शुक्ला,दादा अशोक कुमार शुक्ला,शशांक शुक्ला, अभिनव शुक्ला एवं डा.नारायण द्विवेदी भी उपस्थित रहे,डा.आदर्श शुक्ला एवं उपस्थित परिवारजनों ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी का आभार व्यक्त किया। वहीं समाजसेवी पी.के.तिवारी ने कहा कि डा.आदर्श शुक्ला ने अपने कठिन परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से यह मुकाम हासिल किया है जो कि क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण पल है।

## प्राथमिक विद्यालय जरखा में सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

फतेहपुर बाराबंकी।(एजेंसी )तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जरखा के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं मां शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो प्रा.वि. के इस आयोजन दौरान कार्यक्रम के शुरुआती दौर में सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित का कार्य एआरपी अध्यापक कमलेश,नोडल शिक्षक अध्यापक शिवकुमार, प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह व अध्यापक पवन कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक ,शैक्षिक व सामाजिक जन जागरूकता का संदेश देने वाले गीतों वा झांकियों द्वारा नृत्य करके प्रस्तुति की गई अध्यापक ए आर पी कमलेश ने अपने सम्बोधन में विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में बताया की बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि शासन द्वारा विभाग में उत्तम शिक्षा हेतु विभिन्न प्राकार के एप्स प्रयोग में लाने जाने लगें है जिससे बच्चों को शिक्षण कार्य में अत्यंत लाभ होता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शालिनी यादव, फूलमती वर्मा, आशीष कुमार,रिंकु यादव, अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लंबी बीमारी के चलते महिला की मौत

सिद्धौर बाराबंकी।लंबी बीमारी के चलते महिला की मौत हो गई परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस से मांग की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, कोठी थाना क्षेत्र के धुरिया पुरवा निवासी 40 वर्षीय कलावती पत्नी संजय कुमार की गंभीर बीमारी के चलते सोमवार को मौत हो गई कोठी थाना क्षेत्र के रामदीन पुरवा गांव निवासी मृतका के भाई सत्तन लाल ने स्वेच्छा से शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस से मांग की जिसपर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही संबंध में अध्यक्ष कोठी संतोष सिंह ने बताया परिजनों ने पोस्टमार्टम करने की मांग की थी पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होने आगे बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारी सच्चाई सामने आयेगी।

## बच्चो ने दिखाया हुनर, प्रधान ने किया सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत औरेला स्थित प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन और प्रधानाध्यापक अब्दुल बासित अंसारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम




में राधा–कृष्ण नृत्य, सामूहिक नृत्य के अलावा बच्चों ने बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ पर आधारित नाटक, कविता पाठ और कहानी वाचन में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेलकूद गतिविधियों में भी बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पारदर्शिता के बीच विकास कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूरी

फतेहपुर बाराबंकी। ब्लॉक फतेहपुर इलाके की नंदनाकला ग्राम पंचायत में वृहद स्तर पर विकास कार्यों की शुरुआत मंगलवार को पंचायतीराज अधिकारी नीतीश भोंडले, डीडीओ भूषण कुमार,उदित भटनागर सहायक अभियंता लोकनिर्माण विभाग, खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर संतोष सिंह व सहायक अधिकारी पंचायत दुर्गा प्रसाद पांडेय की मौजूदगी में करीब 91 लाख 53 हजार रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूरी की गई।

# सड़क पटरियों से हटवायें अवैध अतिक्रमण: शषांक त्रिपाठी

### जिलाधिकारी ने किया रेलवे स्टेषन मार्ग का निरीक्षण, दिए निर्देष



बाराबंकी(एजेंसी )। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को बस स्टॉप से जेनेस्मा वाया रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को देखकर नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पटरी पर दुकानदारों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को तुरन्त हटाया जाय साथ ही दुकानदारों को निर्देशित कर दिया जाए कि यदि दुबारा अतिक्रमण किया गया तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार आवंटित स्थान(चबूतरा) पर ही अपनी दुकानें लगाए सड़क की पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त रखे। जिससे जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। इस अवसर परएसडीएम नवाबगंज आर जगत साईं, ईओ नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (जेनेस्मा) का निरीक्षण किया। कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति कम होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पठन–पाठन के लिये बनाये टाइमटेबल को देखा। इसके अलावा कॉलेज में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, परीक्षा भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, सहित संपूर्ण कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में रखी निष्प्रयोज्य वस्तुओं को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही कॉलेज परिसर सहित कक्षा–कक्षों की नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कैंपस में बने अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास का भी निरीक्षण किया। छात्रावास में निर्माणाधीन शौचालय और पेयजल की समस्या को अविलंब दूर करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत की और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरानएसडीएम आर जगत साईं, जेनेस्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सीताराम सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को ई–डिस्ट्रिक्ट कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन–शिकायत पोर्टल आईजीआरएस के निस्तारण सम्बन्धी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धर्मेंद्र उपाध्याय ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए बताया कि जन–शिकायतों के निस्तारण में 127 अंकों के साथ जिले को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इससे पहले जिले की 16 वीं रैंक थी। जिस पर जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जन–शिकायतों के निस्तारण को लेकर आप लोगों द्वारा किये जा रहे प्रयास सफल हो रहे है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सबसे शक्तिशाली हथियार है शिक्षा: डा. बी. पाण्डेय

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बोले सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष




बाराबंकी(एजेंसी )।नगर के पल्हरी कस्बे में स्थित आवासीय षिवराम सिंह इण्टर कॉलेज में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। साथ ही में प्रबंधक ने पुरस्कार वितरित भी किया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पल्हरी में स्थित आवासीय षिवराम सिंह इण्टर कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने रंगारंग संगीत, कला, नाट्य संगीत व अन्य प्रतिभाओं से अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रथम, स्थान प्राप्त करने वाले को छात्र–छात्राओं को साइकिल पुरस्कार एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को दीवाल घड़ी तथा तृतीय, चतुर्थ एवं विद्यालय के इन्डोर गेम्स, ताइक्वान्डो, कैरम बोर्ड, वालीबाल, बॉस्केटबाल, चेस, आदि में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ.बी. पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिससे दुनिया को बदला जा सकता है। आप अपने शिक्षक से सवाल अवश्य करें, बहुत अच्छी बात है क्योंकि यह आपको ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाती है। विद्यालय के प्रबंधक पूनम सिंह ने बताया कि यह विद्यालय बोर्डिंग विद्यालय के रूप में भी संचालित है प्रदेश के दर्जनों जनपद के छात्र छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करते है। बोर्डिंग के छात्रों के अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये और शिक्षण व्यवस्था, खान–पान और अनुशासन की भूरि–भूरि प्रशसा मंच से किया। प्रबंधक एडवोकेट पूनम सिंह ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय फाउन्डर एवं सीनियर प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेष की मेरिट सूची में सौम्या वर्मा 9वॉ स्थान व छात्रावास के छात्र जनपद सुल्तानपुर निवासी अनुराग यादव ने उ०प्र० की मेरिट सूची में 8वों स्थान प्राप्त कर विगत वर्षों में उ०प्र० के मानचित्र पटल पर नाम अंकित कर एक मुकाम हॉसिल किया है। वही इस वर्ष छात्रों ने स्कॉलरशिप के रूप में एक करोड़ आठ लाख रूपये की छात्रवृत्ति हायर एजुकेशन के लिए प्राप्त कर एक अलग पहचान बनायी। विद्यालय की उपलब्धियों एवं शिक्षण व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीब और अमीर, किसान और मजदूर वर्ग के सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके। संस्था के संस्थापक बाबू डा. शिवराम सिंह के सपनों को पूरा कर रहा है। बच्चों को शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान करके। वार्षिकोत्सव में मुख्य रुप से सपाशिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बी. पाण्डेय, राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, नगर पालिका नवाबगंज की चेयरमैन शीला सिंह, नगर पंचायत बंकी के चेयरमैन प्रतिनिधि मो. इमरान खान व पूर्वविधायक राम गोपाल रावत, प्रधानाचार्य ए.लाल, राम सतन यादव, डॉ. पी.के. तिवारी, पंकज शुक्ला, आलोक पाण्डेय, सतीश चन्द्र, संजय शर्मा, ज्ञान शेखर, सौरभ यादव, किरन मिश्रा, मिथिलेश वर्मा, प्रियंका जायसवाल, शिखा भारती व तुलसीराम यादव, कार्यालय अधीक्षक करन यादव आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने अक्रियाशील शौचालयों को रेट्रोफिटिंग कराये जाने हेतु ग्राम भिट्ठी पहुंचकर अक्रियाशील शौचालयों का किया औचक निरीक्षण



श्रावस्ती एजेंसी। स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत अक्रियाशील शौचालयों को रेट्रोफिटिंग कर क्रियाशील करने हेतु स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट के माध्यम से सिंगल पिट शौचालय वाले लाभार्थियों में ट्विन पिट की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु जिन लाभार्थियों को अनुदान प्राप्त होना है, उनका जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ग्राम भिट्ठी पहुंचकर अक्रियाशील शौचालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने भिट्ठी निवासी दिवाकर मिश्रा पुत्र विद्याधर मिश्रा के घर का किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घर के अन्दर शौंचालय बना हुआ है जो क्रियाशील है। शौंचालय का ढक्कन पक्का है। इस दौरान मौके पर उपस्थित लाभार्थी विद्याधर द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि शौंचालय का उपयोग किया जा रहा है।इस दौरान जिलाधिकारी ने यह भी पाया कि लाभार्थी के घर में चार पहिया वाहन उपलब्ध है, जो कि बाहर गया है। इसके अलावा लाभार्थी का घर भी पक्का व बड़ा बना है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से पूछा की इन्हें किस पात्रता के आधार पर शौचालय उपलब्ध कराया गया है। उन्होने इसकी जांच कराकर कार्यवाही कराने का निर्देश दिया है।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने भिट्ठी निवासी रमेश पुत्र रामपति के घर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घर के पीछे शौंचालय बना हुआ है जो क्रियाशील है। शौंचालय का ढक्कन पक्का है। निरीक्षण के समय रमेश के परिवारीजन उपस्थित मिले। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा ग्राम भिट्ठी निवासी अंगदराम पुत्र भगौती के घर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ज्ञात हुआ कि घर के अंदर शौंचालय बना हुआ है जिसमें कंडा रखा गया है। शौचालय क्रियाशील नहीं पाया गया। इसके बाद उन्होने निवासी विनीता पत्नी महेश यादव के घर का निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि घर से कुछ दूरी पर शौंचालय बना हुआ है जो अक्रियाशील है। उपस्थित विनीता द्वारा अवगत कराया गया कि शौंचालय का उपयोग काफी समय से नही किया जा रहा है, सही कराकर इसका उपयोग करेगें। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त लाभार्थियों की पात्रता की जांच कराते हुए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जाए कि कोई भी अपात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ न लेने पाये, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में जनसंख्या के दृष्टिगत सबसे कम जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों जिनमें सिंगल पिट वाले शौचालयों की रेट्रोफिटिंग का लक्ष्य निर्धारित है, जिन्हें धनराशि उपलब्ध कराकर ट्विन पिट शौचालय का निर्माण कराया जाना है।

## पदोन्नति समारोह पुलिस अधीक्षक ने लगाए पद चिन्ह, दी शुभकामनाएं



श्रावस्ती एजेंसी। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया' ने उप निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय को निरीक्षक व हेड कांस्टेबल अब्दुल खैर सिद्दीकी को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने दोनों अधिकारियों को पद चिन्ह लगाकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति केवल एक नया पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह न केवल कर्मचारी की मेहनत का सम्मान है, बल्कि संगठन के प्रति उसकी निष्ठा को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में पदोन्नति, अनुशासन, कार्यकुशलता और ईमानदारी से किए गए कार्यों का परिणाम होती है, जो सभी कर्मियों को कड़ी मेहनत और कर्तव्यपरायणता के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने नियुक्त स्थान पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें, अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें और आम जनता को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही, उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को अपने कार्य में उत्कृष्टता लाने और संगठन की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए सतत प्रयास करने का संदेश दिया।

## डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु चलाया गया अभियान

श्रावस्ती एजेंसी। डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत 'भिनगा–बहराइच मार्ग पर थाना सोनवा क्षेत्र में प्रभारी यातायात मो. शमीम एवं उनकी टीम' ने कार्रवाई करते हुए एक ऑटो रिक्शा को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया।



इसके अतिरिक्त, जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।इसके साथ ही प्रभारी यातायात द्वारा विभिन्न स्थानों पर आमजन को एकत्र कर हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही, वाहन चालकों व नागरिकों से नशे व नींद की अवस्था में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा अवयस्क बच्चों को वाहन न देने की अपील की गई। यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु पंपलेट्स का भी वितरण किया गया।

## ग्राम प्रहरियों को मिले पुलिस जैसी वर्दी,राज्य कर्मी बनाने की मांग

बस्तीएजेंसी। जनपद में ग्राम प्रहरी चौकीदारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। चौकीदार संगठन ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि दो बार सरकार बनने के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। ग्राम प्रहरियों का कहना है कि वे 24 घंटे गांव की सुरक्षा में तैनात रहते हैं और अपराध संबंधी सूचनाएं पुलिस को देते हैं, लेकिन उन्हें मात्र 2500 रुपए का मानदेय मिलता है। महंगाई के इस दौर में यह राशि बेहद कम है। उनकी प्रमुख मांगों में नियमित वेतनवृद्धि के साथ राज्य कर्मचारी का दर्जा, पुलिस के समान वर्दी, जन्म–मृत्यु पंजीयन का अधिकार और 10 लाख रुपए का बीमा कवर शामिल हैं। चौकीदारों ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति जे.एन. मित्तल द्वारा की गई सिफारिशें भी अभी तक लागू नहीं की गई हैं।

## रेड क्रास चुनाव में बवाल,कोरम पूरा न होने और आधार कार्ड विवाद के चलते चुनाव स्थगित

बस्तीएजेंसी। कलेक्ट्रेट सभागार में रेड क्रॉस समिति का चुनाव विवादों के बीच स्थगित कर दिया गया। चुनाव में दो प्रमुख मुद्दे सामने आए–पहला, संविधान के अनुसार आवश्यक दो–तिहाई बहुमत का कोरम पूरा नहीं होना और दूसरा, अध्यक्ष पद की दावेदारी में डॉ. कुलदेंद्र सिंह मजहबी के आधार कार्ड में पाई गई त्रुटि। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य काजी फरजान अहमद ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सोसाइटी के संविधान केअनुसार चुनाव के लिए दो–तिहाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी।

## वदे भारत एक्सप्रेस से टकराया सांड,गोरखपुर-लखनऊ रूट पर 24 मिनट रुकी ट्रेन

बस्तीएजेंसी। गोरखपुर–गोंडा रेल खंड पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। बभनान रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर शुगर साइडिंग एरिया में गोरखपुर से प्रयागराज जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की एक सांड से टक्कर हो गई। सुबह 7रू21 बजे की यह घटना है। चालक ने दूर से ही ट्रैक पर सांड को देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे ट्रेन की गति काफी कम हो गई थी। फिर भी टक्कर से नहीं बचा पाए और सांड से टकरा गए। टक्कर के बाद सांड लूप लाइन के पॉइंट पर छिटककर गिर गया, जिससे लूप लाइन का संचालन भी प्रभावित हुआ। इस घटना के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस 24 मिनट तक (7रू21 से 7रू45 बजे तक) बभनान स्टेशन पर रुकी रही। इस दौरान गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस भी प्लेटफॉर्म नंबर एक पर करीब 30 मिनट तक खड़ी रही। कोचिंग सुपरफास्ट एक्सप्रेस को गौर रेलवे स्टेशन पर रोका गया। रेलवे के परिचालन विभाग के पॉइंट मैन और गेटमैन तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सांड को ट्रैक से हटाया गया। ट्रैक साफ होने के बाद ही ट्रेनों का आवागमन बहाल हो सका और वंदे भारत एक्सप्रेस अपने गंतव्य प्रयागराज के लिए रवाना हुई। घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ।

000000000

## फ्लैट की रजिस्ट्री का झांसा देकर 25 लाख हड़पे, धोखाधड़ी का आरोप, केस दर्ज

बस्तीएजेंसी। लखनऊ की एक प्रॉपर्टी डेवलपमेंट कंपनी के प्रबंधा निदेशक पर धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। बस्ती के कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज मामले के अनुसार, पोलार्स इंफ्राडेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी दिनेश मणि तिवारी ने एक व्यक्ति से फ्लैट देने के नाम पर 25 लाख रुपए ले लिए, लेकिन न तो फ्लैट दिया और न ही पैसे लौटाए। पीड़ित आशाराम निवासी मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुरियार के निवासी हैं ने बताया कि आरोपी ने जनवरी 2019 में फ्लैट की रजिस्ट्री कराने का वादा किया था। लेकिन लगातार टालमटोल करते रहे और अब तक न तो फ्लैट की रजिस्ट्री हुई और न ही पैसे वापस किए गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, उपनिरीक्षक संदीप कुमार यादव मामले की जांच कर रहे हैं और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अधिवक्ता हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, स्कार्पियो और हत्या में प्रयुक्तडंडे बरामद

बस्तीएजेंसी। जिले के हरैया थाना क्षेत्र में हुए अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना हरैया, स्वाट टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को एकडंगी मोड़ से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में संदीप यादव उर्फ मोनू (27) और अनुराग यादव उर्फ राघवेंद्र (22) शामिल हैं जो खम्हरिया गंगाराम के रहने वाले हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपहरण और हत्या में इस्तेमाल की गई काली स्कॉर्पियो (यूपी 32 पीआर 1404) और हत्या में प्रयुक्त डंडे बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि 25 जनवरी 2025 को अधिवक्ता का अपहरण कर उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि मृतक अधिवक्ता उनके परिवार पर लगातार मुकदमे दर्ज करवा रहे थे, जिससे परेशान होकर उन्होंने यह जघन्य अपराध किया। थाना हरैया के प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष कुमार और सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत की अहम भूमिका रही।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ,गुरुवार 06 फरवरी 2025
sheelshukla100@gmail.com


# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति



ललित गर्ग ।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय–समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है।

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार–बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी–विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोधा के चलते देश–विरोध में जिस तरह के अनाप–शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे? अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू–तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय–समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की 'मुंह में राम और बगल में छुरी' वाली कहावत जनता के सामने बार–बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। राहुल गांधी अपने आधे–अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों–बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष–बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद–370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता–शौर्य–बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे है। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढ़ंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो।उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प–सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन राहुल एवं कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं?

## सम्पादकीय

### पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्नय साबित करने के लिए दूषित्य शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं।वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है।कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा।गैर–सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं।

अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं।

पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था।

उस समय सीएसई ने देसी–विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी।

इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया।हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं।

नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है।कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे।ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि–आदि।कभी जहां इस देश में दूध–दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है।थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं।

यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती।लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूधा को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे।डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड्य शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा।भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं।हर रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते।अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है।यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिएतो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं।इंडियन काउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं।रिपोर्ट कहती है कि किसी व्यक्ति को डेयरी का दूध और उसके उत्पाद खाने–पीने को दिए जाएं तो उसे दिल का दौरा पडने की संभावना दो से छह गुना तक बढ़ जाती है।

भारतीय खाद्य अपमिश्रण कानून एक किलो में केवल 0.01 मिलीग्राम एचसीएच की अनुमति देता है, जबकि आईसीएमआर की रिपोर्ट में यह 5.7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम निकला।इसके अलावा वैज्ञानिकों को दूध में आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसे खतरनाक अपशिष्ट भी मिले। यह इतने खतरनाक हैं कि इनसे किडनी, दिल और दिमाग तक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।बात सिर्फ गाय और भैंस के दूध तक ही सीमित नहीं है। खेती के दौरान भारी मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से बच्चे के लिए अमृत कहा जाने वाला मां का दूध भी शुद्ध नहीं रह गया है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

रमेश सर्राफ धमोरा

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है।

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट–घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग–अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30–69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5: बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

आईसीएमआर के आंकड़ों को




रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी–केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30–50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

# नेता प्रतिपक्ष की अपरिपक्वता



।जातंत्र में सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष का भी बहुत महत्व होता है और उसके उतने ही महती दायित्व भी होते हैं। संसद में मौजूदा समय में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उनको अपने इस पद की गरिमा को समझना होगा। सरकार के कार्यों की आलोचना करना उनका अधिकार है लेकिन यह आलोचना तथ्यपूर्ण होनी चाहिए। गत 3 फरवरी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री को लेकर जो बयान दिया वह निश्चित रूप से शर्मनाक है। इस बयान को लेकर राहुल गांधी के पास कोई प्रमाण अगर है तो उसे पेश करना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसीलिए राहुल गांधी के बयान पर कड़ा एतराज जताया है। राहुल गांधी ने 3 फरवरी को लोकसभा में कहा था कि अगर हमारे देश के पास अच्छा मैन्यूफैक्चरिंग सिस्टम होता तो विदेश मंत्री को इतनी बार जाकर अमेरिकी राष्ट्रपति की ताजपोशी में पीएम (मोदी) को शामिल कराने के लिए अनुरोध नहीं करना पड़ता। राहुल ने कहा कि हमारे विदेश मंत्री को इतनी मेहनत न करनी पड़ती कि वो अमेरिका जाते और कहते कि प्लीज हमारे प्रधानमंत्री को कॉल करें। राहुल गांधी के इस बयान का सीधा अर्थ यही है कि प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके ही अनुरोध पर निमंत्रण दिया है। राहुल के इस बयान पर विदेश मंत्री जयशंकर ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी है। इसी प्रकार राहुल ने मोहन भागवत का नाम लिया जो संसद की परम्परा के विरुद्ध है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालने के बाद पीएम मोदी से बात की। ट्रंप ने यह भी कहा कि पीएम मोदी जल्द ही अमेरिका आएंगे। 31 जनवरी को विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि भारत और अमेरिका वैश्विक व्यापार रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यात्रा की तारीखों को लेकर काम चल रहा है और समय आने पर इसकी घोषणा की जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण 20 जनवरी को हुआ था। डोनाल्ड ट्रंप 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति बने हैं। इस दौरान भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अमेरिका पहुंचे थे। खास बात थी कि वह सबसे आगे की पंक्ति में बैठे थे। वाशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पीएम मोदी के विशेष दूत के साथ स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा व्यवहार किया जाता है। डॉ. जयशंकर पीएम मोदी के लिए एक पत्र भी ले गए थे।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 3 फरवरी को लोकसभा में बोलते हुए एक ऐसा बयान दे दिया, जिससे हंगामा मच गया। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्यों आमंत्रित नहीं किया गया था? राहुल गांधी ने दावा किया कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कई बार अमेरिका की यात्रा की, ताकि वह अमेरिका को पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए मना सकें। राहुल गांधी ने कहा कि अगर भारत में एक मजबूत व्यवस्था होती, हम इस टेक्नोलॉजी पर काम करते तो अमेरिका के राष्ट्रपति खुद भारत को निमंत्रण देने के लिए आते। उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से जुड़ा था। लोकसभा में राहुल गांधी के यह कहते ही केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू खड़े हो गए और राहुल गांधी के बयान का विरोध किया। रिजिजू ने इसे अप्रमाणित बताते हुए आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'विपक्ष के नेता इतना गंभीर, अप्रमाणित बयान नहीं दे सकते। यह दो देशों के बीच संबंधों से जुड़ा है और वह हमारे देश के पीएम के निमंत्रण के बारे एक असत्यापित बयान दे रहे हैं।' इसके बाद राहुल गांधी ने रिजिजू की आपत्ति का जवाब देते हुए कहा, 'मैं आपकी मानसिक शांति में खलल डालने के लिए माफी मांगता हूं।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी। ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी और ट्रंप आगे भी संपर्क में बने रहने और जल्द ही पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर मिलने पर सहमत हुए। पीएम मोदी ने इसके बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात कर के बहुत खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।' प्रधानमंत्री ने इससे पहले पिछले साल 7 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव जीतने के तुरंत बाद ट्रंप से बात की थी। इस दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक शानदार व्यक्ति बताया और कहा कि पूरी दुनिया उनसे प्यार करती है।

# सैमसंग की गैलेक्सी एस25 सीरीज ने दक्षिण कोरिया में बनाया प्री-आर्डर का नया रिकार्ड



सियोलध्नई दिल्ली ,05 फरवरी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बताया कि उसके नए गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन ने दक्षिण कोरिया में प्री–ऑर्डर में 1.3 मिलियन यूनिट्स बेचे हैं, जो उसकी एस सीरीज मॉडल्स का अब तक का सबसे बड़ा प्री–सेल रिकॉर्ड है।

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 सीरीज को 22 जनवरी को लॉन्च किया था। इसके बाद इस सीरीज के लिए प्री–ऑर्डर बुकिंग 24 जनवरी से शुरू हुई। कंपनी के अनुसार, 3 फरवरी तक एस25 सीरीज के 1.3 मिलियन यूनिट्स बिक गए हैं। इससे पहले इसी सीरीज के पुराने मॉडल की 1.21 मिलियन से अधिक यूनिट्स बेची गई थीं।

सैमसंग के सबसे महंगे एस25 अल्ट्रा मॉडल ने सबसे अधिक लोकप्रियता हासिल की है, जिसकी कुल प्री ऑर्डर में 52 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके बाद गैलेक्सी एस25 की 26 प्रतिशत और गैलेक्सी एस25 प्लस की 22 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है।

नई गैलेक्सी एस25 सीरीज अधिक उन्नत ऑन–डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ आती है, जिसमें मल्टीमॉडल क्षमताएं और व्यक्तिगत सहायता फंक्शन्स शामिल हैं। यह यूजर्स को अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करती है। हालांकि, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी एस25 सीरीज की कीमतों को अपने पुराने मॉडल के समान ही रखा है।

नई गैलेक्सी एस25 सीरीज को शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में लॉन्च किया जाएगा। भारत में सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज स्मार्टफोन की डिलीवरी शुरू कर दी है, ये डिलीवरी उन ग्राहकों के लिए है, जिन्होंने इन डिवाइसों को प्री–ऑर्डर किया था।

बता दें कि सैमसंग ने 23 जनवरी को गैलेक्सी एस25 सीरीज के लिए प्री–ऑर्डर लेना शुरू किया था। गैलेक्सी एस25 के 12त्रजीबीध्256जीबी वेरिएंट की शुरुआती कीमत 80,999 रुपये है, जबकि गैलेक्सी एस25 की शुरुआती कीमत 99,999 रुपये और गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा की शुरुआती कीमत 129,999 रुपये है।गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा को प्री–ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 21,000 रुपये के प्री–ऑर्डर लाभ भी मिलेंगे। इसके अलावा गैलेक्सी एस25 को प्री–ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 12,000 रुपये का फायदा मिलेगा। इस बीच, गैलेक्सी एस25 को प्री–ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को अपग्रेड बोनस के रूप में 11,000 रुपये का लाभ होगा।

# अदाणी पोर्ट्स ने जनवरी में रिकार्ड 39.9 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो किया हैंडल



अहमदाबाद ,05 फरवरी। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने इस साल जनवरी में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो हैंडल किया। यह पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। इस उपलब्धि में कंटेनर कार्गो में 32 फीसदी और तरल पदार्थ और गैस में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी एपीएसईजेड ने मंगलवार को दी।अदाणी समूह के इस प्रमुख बंदरगाह ने जनवरी 2025 में कुल 372.2 एमएमटी कार्गो हैंडल किया। यह सालाना आधार पर 20 फीसदी की वृद्धि है। इसमें तरल पदार्थ और गैस की हैंडलिंग में भी 9 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।कंपनी ने बताया कि विभिन्न कार्गो सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी बंदरगाह के रूप में स्थापित किया है।इसके अलावा मुंद्रा पोर्ट ने भी जनवरी में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। कंपनी ने कहा, षविभिन्न कार्गो सेगमेंट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट को एक अग्रणी वैश्विक बंदरगाह और भारत की अर्थव्यवस्था के इंजन के रूप में रेखांकित किया है।षएपीएसईजेड मुंद्रा ने 17.20 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का मासिक रिकॉर्ड बनाया, जो समुद्री व्यापार के इतिहास में किसी भी भारतीय बंदरगाह द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। इससे पहले का रिकॉर्ड 17.11 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसे मुंद्रा पोर्ट ने खुद ही पार कर लिया।

कंटेनर कार्गो हैंडलिंग में भी मुंद्रा पोर्ट ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसने एक महीने में 7.72 लाख ट्वेंटी–फुट इक्विवेलेंट (टीईयू) कंटेनर संभाले, जो पहले के रिकॉर्ड से अधिक है। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अदाणी पोर्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

मुंद्रा पोर्ट की मरीन टीम ने 415 जहाजों को हैंडल किया, जो पिछले 406 जहाजों के रिकॉर्ड से अधिक है। जहाजों के मूवमेंट की बात करें तो इस बार 884 मूवमेंट दर्ज किए गए, जबकि पिछला रिकॉर्ड 876 था।

रेलवे डिवीजन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इसने एक महीने में 1.47 लाख टीईयू कंटेनर संभाले, जो पहले के 1.44 लाख टीईयू के रिकॉर्ड से अधिक है।

रेलवे टीम ने 682 ट्रेनों को हैंडल कर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि पहले यह संख्या 662 थी। इसके अलावा, 447 डबल स्टैक ट्रेनों का संचालन किया गया, जो पिछले 429 ट्रेनों के रिकॉर्ड को पार कर गया।

अदाणी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एआईसीटीपीएल) ने भी एक महीने में 3.05 लाख टीईयू कंटेनरों की हैंडलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया। यह किसी भी भारतीय कंटेनर टर्मिनल द्वारा अब तक की सबसे अधिक हैंडलिंग है। इससे पहले का रिकॉर्ड 3.02 लाख टीईयू का था।

लिक्विड कार्गो हैंडलिंग में भी मुंद्रा पोर्ट ने 0.841 मिलियन टन का उच्चतम मासिक थ्रूपुट हासिल किया, जो पहले के 0.832 मिलियन टन के रिकॉर्ड से अधिक है। एलपीजी हैंडलिंग में भी नया रिकॉर्ड बना, जहां एक महीने में 1.01 लाख मीट्रिक टन एलपीजी भेजा गया।

# मामूली बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 121 और निफ्टी ने 62 अंकों की तेजी के साथ शुरू किया कारोबार



मुंबई ,05 फरवरी। भारतीय शेयर बाजार ने बुधवार को बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार शुरू किया। आज बीएसई सेंसेक्स 120.79 अंकों की तेजी के साथ 78,704.60 अंकों पर खुला। वहीं दूसरी ओर, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 62.50 अंकों की बढ़त लेकर 23,801.75 अंकों पर खुला। बताते चलें कि मंगलवार को शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ था। कल सेंसेक्स 13970.07 अंकों के उछाल के साथ 78,583.81 अंकों पर और निफ्टी 378.2 अंकों की तेजी के साथ 23,739.25 अंकों पर बंद हुआ था।

शुरुआती कारोबार में एशियन पेंट्स के शेयर टूटे

मंगलवार को सुबह 9.18 बजे सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि बाकी की 13 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में थे। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से 27 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे थे और बाकी की 23 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 1.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ ट्रेड कर रहे थे, जबकि एशियन पेंट्स के शेयर सबसे ज्यादा 4.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

हरे निशान में कारोबार कर रहे थे इन कंपनियों के शेयर

बुधवार को सुबह खबर लिखे जाने तक, सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल पावरग्रिड के शेयर 1.10 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.03 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.51 प्रतिशत, इंफोसिस 0.50 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.38 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 0.35 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.33 प्रतिशत, टाटा स्टील 0.30 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.25 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.24 प्रतिशत, जोमैटो 0.21 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.21 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.20 प्रतिशत, टीसीएस 0.18 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 0.04 प्रतिशत, और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर शुरुआती कारोबार में 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।नुकसान के साथ कारोबार शुरू करने वाले शेयरों के नामलाल निशान में कारोबार करने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया 1.59 पर्सेंट, टाइटन 1.03 पर्सेंट, सनफार्मा 0.68 पर्सेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.56 पर्सेंट, एचसीएल टेक 0.55 पर्सेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.55 पर्सेंट, लार्सन एंड टुब्रो 0.48 पर्सेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.35 पर्सेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.26 पर्सेंट, मारुति सुजुकी 0.22 पर्सेंट, आईटीसी 0.18 पर्सेंट और बजाज फिनसर्व 0.12 पर्सेंट शामिल हैं।

# शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने किया एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण



नई दिल्ली ,05 फरवरी। भारत के डिस्प्ले टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने की अपनी योजना के तहत, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण किया है। इस कदम से शार्प के विजुअल सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो में काफी विस्तार होगा, जो भारत के तेजी से बढ़ते डिस्प्ले बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा। यह अधिग्रहण रिटेल, शिक्षा, एविएशन, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और स्मार्ट सिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

यह साझेदारी दर्शाती है कि शार्प नवाचार के मामले में अग्रणी स्थान पर है, और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को गति देने और बेमिसाल मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार है। एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के साथ मिलकर, शार्प अब बी2बी और विशेष बाजारों में प्रभावी तरीके से सेवाएँ देने में सक्षम है, जिससे भारतीय ग्राहकों को कस्टमाइज्ड समाधान, बेहतरीन कस्टमर सपोर्ट और डिस्प्ले टेक्नोलॉजीस की पूरी रेंज मिल सकेगी। शार्प उन इंडस्ट्रीज को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ 24ध्7 संचालन जरूरी हैं, जैसे कि मैन्युफैक्चरिंग, कंट्रोल सेंटर्स और एयरपोर्ट्स। यह मर्जर शार्प को अपने साझेदार क्षेत्र का और विस्तारित करने का अवसर देता है, जिससे नए क्षेत्रों में विकास के अवसर खुलते हैं और भारत में डिजिटल विकास में कंपनी की नेतृत्व की स्थिति और मजबूत होती है।

वर्तमान में शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) श्स्मार्ट बिजनेस सॉल्यूशंसश वर्टिकल के तहत डिजिटल मल्टीफंक्शनल प्रिंटर्स, इंटरएक्टिव व्हाइट बोर्ड्स और डायनाबुक लैपटॉप्स जैसे प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता हैय लेकिन एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के साथ मर्जर के बाद, यह अपनी मौजूदा पेशकशों को और भी बेहतर बना रहा है, और इसमें बड़े आकार के डिस्प्ले, वीडियो वॉल्स, प्रोजेक्टर्स, डायरेक्ट–व्यू एलईडी और सिनेमा प्रोजेक्टर्स को शामिल कर रहा है।

यह विस्तार न सिर्फ शार्प की इंटरएक्टिव डिस्प्ले में प्रसिद्ध विशेषज्ञता को बढ़ाता है, बल्कि ग्राहकों को हाई–परफॉर्मेंस सॉल्यूशंस की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है, जो विभिन्न इंडस्ट्रीज की जरूरतों से बेहतरी से मेल खाती है। इसके अलावा, यह अधिग्रहण शार्प और एनईसी के मौजूदा भागीदारों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इससे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और भी समृद्ध हो रहा है।

ओसामु नारिता, मैनेजिंग डायरेक्टर, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, षभारत में एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण से हमें भारत के विजुअल सॉल्यूशंस बाजार में नवाचार की शुरुआत करने में मदद मिलेगी। एनईसी की विश्व स्तर की टेक्नोलॉजीस को शार्प के इनोवेटिव डिस्प्ले के साथ मिलाकर, हम कस्टमाइज्ड, हाई–परफॉर्मेंस डिस्प्ले सॉल्यूशंस की बढ़ती माँग की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं।

यह मर्जर हमारे प्रोडक्ट्स की पेशकश में इजाफा करने के साथ ही, हमारे ग्राहकों को बेहतरीन सेवा और सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता को मजबूत करता है। हम विभिन्न इंडस्ट्रीज की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारे ग्राहक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और विश्वसनीयता का पूरा लाभ उठा सकें।ष

पुनीत मल्हान, जनरल मैनेजर, डिस्प्ले बिजनेस, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, षहम भारत के बाजार में शार्प और एनईसी की दोगुनी शक्ति को पेश करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह अधिग्रहण हमें एक अधिक गतिशील और विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश करने में सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलता है और हमारे ग्राहकों का हम पर भरोसा और भी मजबूत होता है। हमें शहरी और उभरते क्षेत्रों में विकास की जबरदस्त संभावना दिखाई देती है, जो भारत के डिजिटल परिवर्तन और वर्ष 2047 के विजन के साथ पूरी तरह मेल खाती है।ष

शार्प का उद्देश्य भारत के लिए ऐसे किफायती और ऊर्जा कुशल प्रोडक्ट्स को लॉन्च करना है, जो देश के पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप हों। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और ई–कॉमर्स तथा हेल्थकेयर जैसे बढ़ते हुए क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, शार्प टियर–2 और टियर–3 शहरों में अपने अत्याधुनिक समाधानों का विस्तार करने की योजना बना रहा है। निकट भविष्य में, शार्प का लक्ष्य है कि वह अपने चौनल नेटवर्क को मजबूत करके और भागीदारों को उचित प्रशिक्षण प्रदान करके भारत के डिस्प्ले मार्केट की शीर्ष पाँच कंपनियों में शामिल हो।

यह अधिग्रहण भारत में शार्प की स्थिति को मजबूत करता है और देश के 2047 के विजन के साथ बखूबी मेल खाता है, जिससे डिजिटल परिवर्तन और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस एकीकरण के साथ, शार्प भारत की विजुअल सॉल्यूशंस इंडस्ट्री का नेतृत्व करेगा और एक ऐसा भविष्य बनाएगा, जो नवाचार और स्थिरता से भरपूर हो।

# चौंपियंस ट्राफी के लिए अंपायर्स का ऐलान, एक भी भारतीय शामिल नहीं



चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच ऑफीशियल्स की लिस्ट जारी की है। आईसीसी ने मैच रैफरी और अंपायरों की लिस्ट जारी की है। अंपायर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के अहसान रजा और बांग्लादेश के लिए शरफुद्दौला इब्ने शाहिद को जगह मिली है। जबकि भारत के किसी भी अंपायर को इस लिस्ट में जगह नहीं मिली है। मैच रैफरी की लिस्ट में भी एक भी भारतीय नहीं है।अब से कुछ ही दिनों में आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट को लेकर एक तरफ सभी 8 टीमें जोरों शोरों से तैयारी कर रही है, तो दूसरी तरफ फैंस भी इंतजार में दिन गिन रहे हैं। वहीं आईसीसी भी इस मिनी वर्ल्ड कप को लेकर अपनी आखिरी तैयारी को पूरा करने में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में आईसीसी ने बुधवार को इस टूर्नामेंट के लिए ऑफिशियल्स की घोषणा की है। पाकिस्तान की मेजबानी में खेले जाने वाले चौंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया के लिए हाइब्रिड मॉडल के तहत खेला जाएगा। वहीं इस टूर्नामेंट के लिए मैच ऑफिशियल्स के नामों का ऐलान कर दिया गया है। 19 फरवरी से शुरू हो रही चौंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी ने अंपायर्स और मैच रेफरी के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। इसमें एक से एक अनुभवी और दिग्गज अंपायर को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी ने श्रीलंका के दिग्गज अंपायर कुमार धर्मसेना को फिर से मौका दिया है। धर्मसेना आईसीसी के कई बड़े टूर्नामेंट्स में अंपायरिंग कर चुके हैं। धर्मसेना रिकॉर्ड वनडे मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। रिचर्ड केटलबोरी भी लिस्ट में शामिल हैं। वे 108 मेंस वनडे मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। लिस्ट में पाकिस्तान के अहसान रजा भी शामिल हैं। लेकिन इसमें एक भी भारतीय नहीं हैं।

# एटीएम से कैश निकालना हो सकता है महंगा, फीस बढ़ाने की तैयारी में आरबीआई



नई दिल्ली ,05 फरवरी। अगर आप भी हर महीने एटीएम से कैश निकालते हैं या डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल न करके कैश पेमेंट करते हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। रिजर्व बैंक एटीएम से कैश निकालने पर फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में, रिजर्व बैंक महीने में 5 मुफ्त कैश विथड्रावल प्रदान करता है। हालांकि, अब आरबीआई इन 5 लेनदेन की सीमा से अधिक पर लगने वाले चार्ज और एटीएम इंटरचेंज फीस को बढ़ाने की योजना बना रहा है। हिंदू बिजनेसलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, आपको ज्जरू से कैश निकालने के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

कितना बढ़ेगा चार्ज?

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने पांच बार मुफ्त सीमा पूरी होने के बाद कैश निकालने के चार्ज को मौजूदा 21 रुपये से बढ़ाकर 22 रुपये करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, आरबीआई ने कैश लेनदेन के लिए एटीएम इंटरचेंज फीस को 17 रुपये से बढ़ाकर 19 रुपये करने की भी सिफारिश की है। इंटरचेंज फी दूसरे बैंक के एटीएम से एक सीमा के बाद पैसे निकालने पर लगाई जाती है। यानी कि यह एटीएम सर्विस इस्तेमाल करने के बदले एक बैंक की तरफ से दूसरे बैंक को दी जाने वाली फीस है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक और व्हाइट–लेबल एटीएम ऑपरेटर मेट्रो और नॉन–मेट्रो शहरों में फीस बढ़ाने की आरबीआई की सिफारिश से सहमत हैं। हालांकि, अभी इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और आरबीआई ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती महंगाई और पिछले दो सालों में 1.5–2 प्रतिशत की दर से बढ़ते उधार लागत, ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च, कैश रीप्लेनिशमेंट और लागत के कारण नॉन–मेट्रो शहरों में एटीएम चलाने का खर्चा तेजी से बढ़ रहा है।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग 11, जानें किसे मिलेगा मौका कौन होगा आउट?



टी20 सीरीज में कई मौकों पर अंग्रेजों ने भारत को चुनौती दी थी। वनडे में भी जोस बटलर की टीम कठिन सवाल पूछ सकती है। हालांकि, भारत को भारतीय धरती पर हराना दुनिया की किसी भी टीम के लिए टेढ़ी खीर से कम नहीं है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है।गुरुवार, 6 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होने जा रहा है। वहीं पहला मुकाबला नागपुर के विदर्भ क्रिकेट स्टेडियम में आमने–सामने होंगी। इंग्लैंड की नजरें टी20 में मिली तगड़ी हार का बदला लेने पर रहेंगी जबकि टीम इंडिया टी20 की तर्ज पर वनडे सीरीज में भी जीत से शुरूआत करना चाहेगी। इंग्लैंड को कमजोर समझना भारत के लिए ठीक नहीं है। टी20 सीरीज में कई मौकों पर अंग्रेजों ने भारत को चुनौती दी थी। वनडे में भी जोस बटलर की टीम कठिन सवाल पूछ सकती है। हालांकि, भारत को भारतीय धरती पर हराना दुनिया की किसी भी टीम के लिए टेढ़ी खीर से कम नहीं है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है, लेकिन अब फॉर्मेट और कंडीशन अलग हैं, ऐसे में दोनों बल्लेबाजों के पास बेहतरीन मौका है अच्छा प्रदर्शन करने का। नागपुर कि पिच स्पिनर्स के लिए मुफीद रहती है,।

## पशुशाला में आगजनी से हड़कम्प, हजारो की सम्पत्ति हुई खाक

लालगंज, प्रतापगढ़। पशुशाला में अचानक आग लग जाने से



अफरा तफरी का माहौल बन गया। सांगीपुर थाना के पहाड़पुर के समीप हरिकरन का पुरवा निवासी जय सिंह यादव पुत्र रामदीन ने पशुशाला का निर्माण कर रखा है। मंगलवार की देर शाम अचानक पशुशाला में आग लग गयी। आगजनी की चपेट में दो छप्पर भी जलकर खाक हो गये। ग्रामीणों की मशक्कत से किसी तरह तीन मवेशियों को सुरक्षित बचाया जा सका। छप्पर में सम्पत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है। काफी देर प्रयास के बाद आग पर ग्रामीण काबू पा सके।

## वांछित धराया, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। धारदार हथियार से पीड़ित को चोटहिल करने के वांछित को लालगंज पुलिस ने बुधवार को धर दबोचा। दरोगा सुमित कुमार वर्मा फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सराय जानमती के फतेहशाहपुर में पुलिस ने कोर्ट के वांछित एक आरोपी को उसके घर से हिरासत में ले लिया। आरोपी गांव के सूरज दीन वर्मा के पुत्र हरिकेश वर्मा को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## रास्ते में अवरोध को लेकर एसडीएम से शिकायत, तहसीलदार को समाधान के निर्देश

लालगंज, प्रतापगढ़। अनुसूचित जाति की बस्ती में रास्ते में अवरोध को लेकर पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। लालगंज तहसील के लीलापुर थाने के रहिमाकुली के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी बस्ती में आवागमन के लिए एक कच्चा रास्ता है। गांव के कुछ दबंगों ने रास्ते पर अतिक्रमण करके अवरोध उत्पन्न कर दिया गया है। मना करने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए धमकाया करते हैं। गांव के राजेन्द्र की पत्नी शान्तीदेवी, काजल, ननका, रीता, नमिता, गुड़िया आदि ने अतिक्रमण को हटवाये जाने की फरियाद की है। एसडीएम नैनसी सिंह ने तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर समस्या के समाधान कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

## पंचवटी धाम में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुआ भण्डारा, उमड़े श्रद्धालु



लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर बावली के समीप अनेहरा स्थित पंचवटी धाम में संयुक्त प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक उत्सव को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। भजन संकीर्तन के साथ मंगलवार की देर रात तक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं पंचवटी धाम में श्रीराम दरबार तथा मां दुर्गा देवी एवं पंचमुखी हनुमान जी की भव्य प्रतिमा के दर्शन पूजन में भी श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। पंचवटी धाम की फूलों से साज–सज्जा तथा आकर्षक विद्युत सजावट देख हजारो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। भण्डारे में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय भी शामिल हुए। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी पं. रमाशंकर शुक्ल एवं सहसंयोजक बलराम शुक्ल ने किया। समाजसेविका कृष्णा शुक्ला ने आचार्य समूह का तिलक एवं मार्ल्यापण व अंगवस्त्रम् से सम्मान किया। इस मौके पर डॉ. चन्द्रेश सिंह, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, महादेव मिश्र, अरूण त्रिपाठी, श्यामशंकर शुक्ल, जटाशंकर शुक्ल, रामकृष्ण शुक्ल, सुनील ओझा, आईपी मिश्र आदि रहे।

## दुकान में घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर आरोपियों पर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। दुकान में घुसकर पीड़ित के साथ गाली गलौज व मारपीट तथा जानलेवा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन नामजद तथा पांच से छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के विश्राम का पुरवा जेवई निवासी अनुज विश्वकर्मा पुत्र सुदर्शन ने बसंतगंज बाजार में फर्नीचर कारोबारी की दुकान खोल रखी है। बीती तीन फरवरी को शाम छह बजे लालगंज गोविन्दपुर निवासी अजय दुबे पुत्र दीनानाथ, सर्वेश व लल्लू पुत्र रामदेव शुक्ल तथा इनके साथ पांच छह अज्ञात लड़कों ने दुकान में घुसकर पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू की। आरोपियों ने पीड़ित को मारपीट कर चोटहिल कर दिया। शोर मचाने पर बाजार के लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात आरोपी अजय समेत तीन नामजद तथा पांच छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# नगर पालिका के सफाई अभियान को आइना दिखा रहा कूड़े का अंबार



सुल्तानपुर(एजेंसी )। नगर पालिका परिषद सफाई अभियान के लाख दावे कर ले लेकिन स्थलीय हकीकत देखकर आप चौंक जाएंगे। सफाई अभियान में करोड़ों खर्च करने के बावजूद नगर पालिका परिषद योगी सरकार की आंख में धूल झोंकने के लिए तैयार है। दीवारों पर रंग रोगन कर आकर्षक तस्वीरें दिखाकर भले ही वाहवाही बटोर ले पर हकीकत इससे अलग है। पालिका के अफसरो की माने तो डोर टू डोर कूड़ा लेने का काम बखूबी संपन्न कराया जा रहा है पर वार्ड नंबर 12 राइन नगर का दौरा कर ले तो आपको पता चलेगा कि यहां के नाले की स्थिति अत्यंत गंभीर है। सड़क के किनारे कूड़े का अंबार लगा हुआ है। साफ सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां नाले की सफाई का काम संपन्न कराया गया वहीं मोहल्ले वाले बताते हैं कि नाले के किनारे रहने वाले परिवारों ने नालों को ही कूड़ा स्थल बना लिया है वह अपने घरों की छत से लगातार नालों में कूड़ा डाल रहे हैं जिससे नाला जाम की स्थिति में पहुंच जाता है। वहीं सफाई कर्मी के न पहुंचने पर जगह जगह कूड़ा एकत्रित कर दिया जाता है उसे घुमंतू जानवरों द्वारा फैला कर सड़क की स्थिति गंभीर बना दी जाती है। गाहे बगाहे शिकायतें करने पर कर्मचारियों द्वारा कूड़ा उठाया जाता है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही संक्रामक रोगों के बढ़ने का खतरा बना हुआ है वही दरियापुर वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या घटा दिए जाने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। मुख्य मार्गों पर सफाई के नाम पर वार्डो से सफाई कर्मी हटा लिए गए। कुल मिलाकर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर ना तो जागरुक नजर आ रहे हैं ना ही उनके द्वारा कोई ठोस पहल की जा रही है गांव गली की गंदगी सुल्तानपुर में पालिका की सफाई व्यवस्था को आइना दिखा रही है।

# अजहर और रोहित की बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीता

## मुरारपुर को हरा सिप्तापुर बना विजेता

सुलतानपुर(एजेंसी )। भदैया के सातनपुर में आयोजित कैनवस बाल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिप्तापुर और मुरारपुर के बीच खेला गया, मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह बजरंगबली विशिष् अतिथि मुनेंद्र मिश्र चंदन और क्षेत्र पंचायत सदस्य जगन्नाथ वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया आयोजक पंकज सिंह, अध्यक्ष कप्तान अहमद की अगुआई में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिप्तापुर और मुरारपुर के बीच खेला गया। सिप्तापुर के कप्तान राहुल सोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए, अजहर और रोहित की आतिशी बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीता जवाब में उतरी मुरारपुर की टीम आखिरी ओवरों तक संघर्ष करते हुए 165 रन ही बना सकी , फाइनल के मैन ऑफ द मैच रोहित रहे जिन्होने 56 रन बनाकर 3 विकेट झटके, प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज भी रोहित रहे जिन्होने पूरी प्रतियोगिता में 140 रन बनाकर 9 विकेट झटके भाजपा नेता विकास वर्मा ने खिलाड़ियों के लिए किट की व्यवस्था की साथ ही खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया, समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्राफी, क्रिकेट किट और 11000 का नगद पुरस्कार दिया वहीं उपविजेता टीम को ट्राफी, किट एवं 6000 का नगद पुरस्कार दिया गया निर्णायक दुर्गेश सरोज और विकास रहे स्कोरिंग अभिषेक सिंह और गोलू शुक्ला ने की कॉमेंटेटर प्रदीप रहे प्रतियोगिता के 'आयोजक पंकज सिंह ने बताया कि हर वर्ष ये प्रतियोगिता कराई जाएगी अध्यक्ष कप्तान अहमद ने बताया कि क्षेत्रवासियों को इस बार जिले के बेहतरीन खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिला' इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप दुबे, अजय सिंह, पंकज कनौजिया, सूरज, विजय शुक्ला, बबलू यादव, सर्वेश मिश्रा, रोहित सिंह, राजू सिंह, अखिलेश पांडे, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# संगम में अर्पित किया अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी, आरती भी उतारी

## पीएम मोदी की मौजूदगी में भी संगम घाटों पर चलता रहा श्रद्धालुओं का स्नान

महाकुम्भ नगर (एजेंसी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज ने उनका स्वागत किया।



त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद नदियों की आरती भी उतारी। वहा लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड

महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के

डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ की ओर रवाना हो गए।

श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

# महाकुंभ से उतरने लगी अखाड़ों की धर्मध्वजा

प्रयागराज। (एजेंसी ) वसंत पंचमी का तीसरा अमृत स्नान होने के साथ ही महाकुम्भ क्षेत्र से अखाड़ों की धर्मध्वजा उतरने लगी है। मंगलवार को निर्मल और नया उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा उतारी गई। मेला क्षेत्र में स्थापित गुरु ग्रंथ साहिब को कल्याणी देवी स्थित पक्की संगत ले जाया गया। इसी के साथ अखाड़ों के संत अपने अपने स्थानों को रवाना होने लगे। काफी संत कनखल हरिद्वार स्थित मुख्यालय की ओर कूच कर गए तो कई लोग दिल्ली, पंजाब आदि की तरफ रवाना हुए।नया उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा भी उतारी गई। वहीं बड़ा उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा सात फरवरी को उतरेगी और आठ को संत यहां से कीडगंज मुख्यालय जाएंगे। कुछ दिनों तक रमता पंच कीडगंज में ही विश्राम करेगा और उसके बाद आगे की यात्रा पर निकलेंगे। अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए संगम पर की गई बैरिकेडिंग भी अब उखाड़ी जा रही है। यह बैरिकेडिंग अखाड़ों के स्नान के वक्त आम श्रद्धालुओं को वहां तक जाने से रोकने के लिए लगाई गई थी। वसंत पंचमी अमृत स्नान के बाद अखाड़ों ने प्रस्थान की तैयारी शुरू कर दी है। एक अखाड़े की धर्मध्वजा उतर गई है, कुछ की भूमिका बनने लगी है। प्रस्थान का शुभ मुहूर्त देखा जा रहा है।

# निर्णायक चुने जाने पर बधाईयों का तांता



सुलतानपुर(एजेंसी )। 38 वे राष्ट्रीय खेल जो कि 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड हो रहा है। जिसमें ताइक्वांडो खेल का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक होना है। जिसके लिए सुल्तानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी राष्ट्रीय रेफरी प्रणय चंद्र शुक्ला का चयन निर्णायक के रूप मे किया गया है। निर्णायक चुने जाने पर सुल्तानपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे ओलंपिक संघ सचिव पंकज कुमार दुबे सुल्तानपुर ओलंपिक संघ अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



सुल्तानपुर(एजेंसी )। कूरेभार थाना क्षेत्र के दखिनवारा गांव के पास एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। शव से कुछ दूरी पर मृतक की बाइक भी मिली है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान कुंदन यादव पुत्र स्व. रामचंद्र, निवासी घोंपा, हैदरगंज, अयोध्या के रूप में हुई है। कुंदन गलिबहा उपकेंद्र पर संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और परिवार में अकेला था। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। थानाध्यक्ष शारदेंदु द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# मोस्ट को तोड़ने वाली ताकतों से सतर्क रहें-श्यामलाल

सुलतानपुर(एजेंसी )। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में फतेहपुर संगत गांव में सारे बंधन तोड़े–मोस्ट बहुजन जोड़ें कार्यक्रम का आयोजन किरन निषाद के नेतृत्व में किया गया। मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल "गुरूजी" ने कहा कि मोस्ट बहुजन समाज को संगठित करने के लिए आपस मे सहकारिता, समन्वय, सहयोग और त्याग की भावना के साथ–साथ मोस्ट समाज के महापुरुषों के विचारों को प्रसारित करने की आवश्यकता है। श्री निषाद ने जागरूक साथियों से अपील की कि मोस्ट समाज को तोड़ने वाली ताकतों से सतर्क रहते हुए अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने गाँव–क्षेत्र में मोस्ट समाज को जोड़ने का काम करें। उक्त अवसर पर सर्वसम्मति से किरन गुड्डू निषाद को महिला विंग का जिला सह संयोजक चयनित किया गया।

## सत्य का ज्ञान जीवन को प्रदान करता है मोक्ष-अतुल जी महाराज

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के नौढ़िया गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। सुनिए कथा घनश्याम की में पधारे प्रख्यात कथाव्यास अतुल जी महाराज ने भगवान




श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया तो पूरा पाण्डाल द्वारिकाधीश के जयघोष से गूंज उठा। अतुल जी महाराज ने परीक्षित जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में जब भी प्रभु का दिया हुआ सत्य का ज्ञान फलीभूत हुआ करता है तब मानव को स्वतः मोक्ष की प्राप्ति हो जाया करती है। उन्होंने कहा कि धर्म सदैव हमें सत्य के अनुसरण तथा लोक जीवन को भी नैतिकता का मार्ग दिखलाया करता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन लोकमंगल का दर्शन है। उन्होंने बताया कि धर्म के सत्य की रक्षा के लिए भगवान ने सदैव नीति की उपासना का संदेश दिया है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण नामजाप के मनमोहक संकीर्तन में भी श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथा के संयोजक पं. माताफेर तिवारी एवं सुशीला तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन किया। सहसंयोजक पूर्वप्रधान आशीष तिवारी ने कथाव्यास अतुल जी महाराज का मंगल सम्मान किया। इस मौके पर राधेकृष्ण तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, अजय कृष्ण तिवारी, मोनू तिवारी, कुलदीप आदि रहे।

## लाइनमैन को दी धमकी, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। एक मुश्त समाधान योजना के अभियान के तहत गांव पहुंचे विद्युतकर्मी के साथ गाली गलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। सांगीपुर विद्युत उपकेन्द्र में उदयपुर थाना के ननौती निवासी लाइनमैन राजेशकुमार कोरी पुत्र लल्लू राकी गांव में मंगलवार को एक मुश्त समाधान योजना के तहत वसूली तथा संयोजन में गया था। आरोप है कि गांव के एक दबंग ने लाइन मैन को जाति सूचक गालियां देते हुए धमकाया। थानाध्यक्ष राधेबाबू का कहना है तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## राम समझ रहमान समझ ले, धर्म समझ ईमान समझ ले...

.लालगंज, प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के डांडी स्थित सुधा शिक्षा निकेतन में बुधवार को हुए कवि सम्मेलन में साहित्य की धार प्रवाहमान हुयी। वहीं आयोजन में साहित्यकारों व समाजविदो का सम्मान भी किया गया। कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से समाज को नई दिशा देने के साथ प्रेम सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत लालजी सिंह व्यथित की वाणी वंदना से हुयी। वहीं प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम ने पढ़ा 'मुझे गर्व है मेरे देश में ऐसी भी नारी है' पर समर्थन बटोरा। हास्य कवि शिवशंकर शरारती ने प्रधानी की कविता पढ़कर लोगों को लोटपोट कराया। ओज के कभी हरिवंश शुक्ल शौर्य ने भी सशक्त काव्य पाठ किया। संयोजक कवि अनूप त्रिपाठी ने 'राम समझ रहमान समझ ले, धर्म समझ ईमान समझ ले' पढ़कर एकता का संदेश दिया। इसके अलावा अंकित तिवारी, राम मूर्ति यादव यज्ञ, जयराम शर्मा दिव्य ने भी अपनी रचनाएं पढ़कर लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल लक्ष्मणपुर अध्यक्ष प्रमोद सिंह समेत साहित्यकारों का सम्मान किया गया। अध्यक्षता चंद्रशेखर शुक्ल तथा संचालन अनूप त्रिपाठी ने किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधक अजय पांडेय ने किया। इस मौके पर जयभगवान पांडेय, राजेश मिश्र, भाजपा नेता रामसेवक त्रिपाठी, कृष्णदेव शुक्ल, महेंद्र सिंह, शिव मणि पांडेय, चंद्रभान सिंह, कमल पांडेय, उत्कर्ष मिश्र, हिमांशु मिश्र, अंकित सिंह, अर्चना सिंह, आरती सिंह आदि रहे ।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, कपड़े का शोरुम जलकर खाक



सुल्तानपुर(एजेंसी )। शहर के बाधमंडी चौराहे के निकट स्थित खान ट्रेलर्स एंड क्लॉथ हाउस में बुधवार की सुबह करीब 3:00 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से करीब 35 लाख रुपए के कपड़े व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गए।बाधमंडी चौराहा स्थित दारा मार्केट में खान टेलर्स एंड क्लॉथ हाउस का शोरूम संचालित है। दुकानदार कामरान खान प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी रात करीब 10:00 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार की तड़के करीब 3:00 बजे पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि दुकान से धुआं निकल रहा है। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, दुकान का शटर खोला गया तो आग और धुएं के गुबार से पूरा शोरूम भरा था, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकान में सिले हुए कपड़े, थान के कपड़ा का स्टॉक, एसी, कंप्यूटर सेट, इन्वर्टर, सिलाई मशीन, फर्नीचर जल कर खाक हो गया। शोरूम में करीब 35 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ,गुरूवार 06 फरवरी 2025
sheelshukla100@gmail.com


## वारंटी अभियुक्तकी गिरफ्तारी

लखनऊ(संवाददाता ) पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए, थाना कृष्णानगर पुलिस ने 01 नफर वारंटी अभियुक्त मनीष परिहार को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 04 फरवरी 2025 को इन्द्रलोक कालोनी से की गई। अभियुक्त पर 376ध्506 भादवि और 3(2) (ट)ˋ बैज्ञ एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जो थाना कृष्णानगर से संबंधित है।मनीष परिहार, पुत्र एस0पी0 सिंह (सुखपाल सिंह), निवासी झगरपुर, थाना बारासगवर, जनपद उन्नाव, हाल पता 64 सीमा सिटी ओमेक्स, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ, उम्र करीब 45 वर्ष है। इसपर 2020 में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।गिरफ्तारी के बाद, अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया है, और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना कृष्णानगर पुलिस टीम की भूमिका रही, जिसमें प्रभारी निरीक्षक श्री प्रद्युम्न कुमार सिंह, उ0नि0 श्री लाल सिंह, उ0नि0 श्री पंकज सारस्वत, और का0 संदीप राही शामिल थे।

## भैंसामऊक्रॉसिंग पर तेल टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मृत्यु

लखनऊ(संवाददाता ) थाना बीकेटी पुलिस को सूचना मिली कि भैंसामऊ क्रांसिंग के पास एक साइकिल सवार व्यक्ति तेल के टैंकर की चपेट में आने से मौके पर ही मृत हो गया है। सूचना मिलते ही थाना बीकेटी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक के शव का नियमानुसार पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक नौमीलाल पाल, पुत्र मैकूलाल पाल, उम्र करीब 65 वर्ष, साइकिल से अपने किसी काम से बैंक जा रहे थे।

# महाकुंभ 2025: आधुनिक भारत की शक्तिका वैश्विक प्रदर्शन



लखनऊ(संवाददाता ) उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री नब्व शर्मा ने महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर कहा कि इस बार का महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह विकसित भारत की शुरुआत और आधुनिकता का प्रतीक है। उन्होंने इस महाकुंभ को प्राचीन परंपराओं और आधुनिक तकनीकी विकास का अद्भुत संगम बताया, जिसमें भारत की शक्ति और व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया जा रहा है।मंत्री शर्मा ने महाकुंभ की व्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि कई श्रद्धालु जो विदेशों से आए थे, उन्होंने महाकुंभ की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर चौंकाने वाली प्रशंसा की। एक एनआरआई महिला ने कहा कि यह आयोजन अमेरिका जैसे देशों से भी कहीं अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित है। इस तरह के प्रतिक्रियाओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि महाकुंभ में किए गए प्रयास न केवल भारत के भीतर, बल्कि पूरी दुनिया में सराहे जा रहे हैं।महाकुंभ के आयोजन में नगर विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका थी। मंत्री नब्व शर्मा ने अपनी टीम और विभाग के समर्पित प्रयासों को सराहा और बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों और कार्यान्वयन में कोई कमी नहीं छोड़ी गई थी। खासतौर से स्वच्छता और सफाई के लिए की गई निरंतर निगरानी की वजह से महाकुंभ सुव्यवस्थित और आकर्षक बना है।मंत्री श्री शर्मा ने महाकुंभ में किए गए प्रयासों के कुछ ठोस उदाहरण साझा किए। उन्होंने बताया कि 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए 1200 किलोमीटर की पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई। साथ ही, 70,000 से अधिक पेयजल कनेक्शन तंबुओं, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर दिए गए। महाकुंभ के आयोजन के लिए 1.5 लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए 20,000 से अधिक सफाईकर्मी, हजारों मशीनें और पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।महाकुंभ की सुविधाओं में बिजली, पानी, सड़कें और सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया है। 1.25 लाख से अधिक तंबू स्थापित किए गए हैं जिनमें 5 लाख से अधिक बिजली कनेक्शन और 75,000 एलईडी स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध कराई गई हैं। अस्थायी सड़कों और 30 पांटून पुलों का निर्माण किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा और घाटों पर स्नान करने की सुविधा को बढ़ाया गया है।इसके अलावा, प्रयागराज के पौराणिक स्थलों का भी विकास किया गया है। भारद्वाज आश्रम, बेनी माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सजाया गया है। महाकुंभ के संचालन में नवीनतम तकनीकी उपायों का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसमें 2700 एआई कैमरे और 52,000 जियो–टैग किए गए विद्युत पोल शामिल हैं।

# लखनऊ में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार, पाँच मोटरसाइकिल बरामद




लखनऊ(संवाददाता )। आशियाना थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पाँच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं, जिन्हें वह बेचने की फिराक में था। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी की अन्य घटनाओं का भी खुलासा जल्द हो सकता है।मंगलवार रात आशियाना थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए देवीखेड़ा की ओर से कैंट रोड की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाई और घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पाँच मोटरसाइकिलें बरामद हुईं, जिनमें से एक मोटरसाइकिल आशियाना थाने में पहले से दर्ज एक चोरी के मामले से संबंधित थी।गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश साहू (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के बेगूसराय जिले का रहने वाला है और वर्तमान में लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में रह रहा था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से वाहन चोरी में संलिप्त था और चोरी की मोटरसाइकिलों को सस्ते दामों पर बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक अग्रचारी यादव, प्रशिक्षु उप निरीक्षक आदर्श सिंह, लक्ष्मण अग्रवाल, आरजू सिंह, दिनेश कुमार, अभिषेक कुमार और मुख्य आरक्षी अमर सिंह व सुरेश पाल शामिल रहे।पुलिस अब इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोरी की गई अन्य गाड़ियों को कहां बेचा गया और इस गिरोह में और कौन–कौन शामिल है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हुई हो, तो वे संबंधित थाने से संपर्क करें और अपने वाहन की पहचान करें।

# अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा पर धांधली के गंभीर आरोप लगाए, चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग




लखनऊ(संवाददाता ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाई गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और प्रशासन ने कई जगहों पर फर्जी वोटिंग की और धांधली की।श्री यादव ने कहा कि पुलिस–प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक था और समाजवादी पार्टी के पोलिंग एजेंटों को दर्जनों बूथों पर डराया–धमकाया गया। भाजपा ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए, और पार्टी के गुंडों ने अराजकता फैलाकर चुनाव में हस्तक्षेप किया। पुलिस–प्रशासन ने भाजपा के गुंडों को खुली छूट दी, जिससे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ।उन्होंने बताया कि मिल्कीपुर उपचुनाव में कई बूथों पर प्रशासन और बीएलओ द्वारा फर्जी मतदान कराया गया। श्री यादव ने बूथ संख्या 158 पर एसडीएम द्वारा बूथ कैप्चरिंग की शिकायत चुनाव आयोग से की और कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के समर्थकों ने खुलेआम फर्जी मतदान किया और एक व्यक्ति ने 6 वोट डाल दिए। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्री अजीत प्रसाद ने कुछ फर्जी मतदानकर्ताओं को पकड़ भी लिया।श्री यादव ने यह भी कहा कि कुछ बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों ने मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया, और कई जगहों पर ईवीएम खराब होने की शिकायतें मिलीं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मुस्लिम महिलाओं का बुर्का हटाकर उनकी पहचान करने के बहाने उन्हें भयभीत और अपमानित किया गया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच करें और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

# मड़ियांव में बंद घरों में चोरी करने वाले चार शातिर चोर गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में नकदी और जेवर बरामद



लखनऊ(संवाददाता ) पुलिस कमिश्नरेट के मड़ियांव थाना क्षेत्र में बंद घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की क्राइम और सर्विलांस टीम ने एक विशेष अभियान के तहत इन्हें मड़ियांव पुल के पास से धर दबोचा। इनके कब्जे से चोरी किए गए गहने, नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।डीसीपी उत्तरी की क्राइम और थाना मड़ियांव पुलिस टीम जब इलाके में संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग चोरी के सामान के साथ मड़ियांव पुल के नीचे पैदल मार्ग के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान मोहम्मद फहीम, मोहम्मद शोएब, अंकुल और मोहम्मद कलीम के रूप में हुई। ये चारों शातिर अपराधी बंद घरों और दुकानों का ताला तोड़कर कीमती सामान और नकदी चोरी करते थे। उनके पास से सोने–चांदी के गहनों के साथ 22,200 रुपये नकद, चोरी के अन्य सामान और तीन मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं।गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला कि इनमें से दो आरोपी पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं। मुख्य आरोपी मोहम्मद फहीम के खिलाफ चोरी, लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत 17 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अंकुल भी कई मामलों में वांछित था। इसके अलावा शोएब और कलीम भी चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल रहे हैं।पुलिस के अनुसार, ये आरोपी चोरी किए गए सोने–चांदी के गहनों को गलाकर बेच देते थे और चोरी के पैसों से ऐशो–आराम और जुए में खर्च करते थे। पकड़े गए चारों अपराधियों के खिलाफ मड़ियांव थाने में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं, जिनके दस्तावेज न होने के कारण उन्हें सीज कर दिया गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अन्य आपराधिक मामलों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस टीम ने सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी कानूनी प्रक्रिया अपनाई। मड़ियांव पुलिस के इस सराहनीय कार्य से इलाके में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगेगा और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

# साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्तिको लखनऊपुलिस ने दिलाई राहत, 3.72 लाख रुपये वापस




लखनऊ(संवाददाता ) पुलिस कमिश्नरेट की साइबर क्राइम सेल ने ठगी के शिकार एक व्यक्ति को न्याय दिलाते हुए उनके खाते से निकाली गई 3,72,633 रुपये की धनराशि वापस कराई। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने और आमजन को ठगी से बचाने के अभियान के तहत की गई।पीड़ित रवि कुमार सिंह ने 1 अगस्त 2024 को साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई थी कि टेलीग्राम पर मिले एक लिंक के माध्यम से उन्हें एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। इस ऐप के जरिये ठगों ने उन्हें दोगुना मुनाफा कमाने का झांसा दिया और धीरे–धीरे उनके खाते से 4,45,161 रुपये निकाल लिए। जब उन्हें ठगी का अहसास हुआ, तब उन्होंने साइबर क्राइम सेल से संपर्क किया और पूरे मामले की जानकारी दी।शिकायत दर्ज होते ही साइबर क्राइम सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक और कंपनियों से समन्वय स्थापित किया। टीम ने इलेक्ट्रॉनिक पत्राचार के माध्यम से धनराशि को ट्रैक किया और नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर 3,72,633 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर पीड़ित ने राहत की सांस ली और लखनऊ पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।लखनऊ पुलिस ने इस घटना के बाद नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और किसी भी कस्टमर सपोर्ट अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि या अन्य अज्ञात व्यक्ति को ओटीपी, यूपीआई पिन या सीवीवी जैसी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन या पुलिस स्टेशन में सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।इस पूरी कार्रवाई में साइबर क्राइम सेल के प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने काम किया। टीम में उपनिरीक्षक शिशिर यादव, उपनिरीक्षक सुमित चौधरी, महिला उपनिरीक्षक आरती वर्मा और हेड कांस्टेबल शमशाद अली शामिल थे।साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए लखनऊ पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। आम जनता को भी चाहिए कि वे साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और ठगी के ऐसे मामलों से बचने के लिए जागरूकता बनाए रखें।

## बिजली विभाग के अभियंता रात में चले जाते लखनऊ,डीएम से शिकायत

लखनऊ, बाराबंकी जनपद में अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अपने–अपने मुख्यालय पर नहीं रहते है और रात को राजधानी लखनऊ निवास करने चले जाते हैं। वित्तीय भ्रष्टाचार व जनता के कार्यों में उदासीनता बरती जाती है। आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि अविलम्ब उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति तो चौबीसों घंटे होती है। अक्सर उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। रात में जब कोई फाल्ट या फिर गम्भीर समस्या होती है तो कोई अधिकारी फोन नही उठाता है।

# ऊर्जा मंत्री ने गलत विद्युत् बिल पर त्वरित कार्रवाई की, जिम्मेदार अधिकारी निलम्बित

लखनऊ(संवाददाता ) उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत् उपभोक्ताओं को जारी किए गए गलत बिल का त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कार्मिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश पर, जिम्मेदार कार्यकारी सहायक दीपक कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्युत् उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कार्मिकों की ऐसी गलती को अक्षम्य अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं का मान, सम्मान और सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोपरि है।मंगलवार रात ऊर्जा मंत्री को जानकारी मिली कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन हरैया उपखंड में स्थित 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्र, हरैया, बस्ती के अंतर्गत एक विद्युत उपभोक्ता, मोलहू को जनवरी माह का गलत विद्युत बिल जारी किया गया था। इस बिल की राशि 07 करोड़ 03 लाख 21 हजार 119 रुपए थी, जबकि वास्तविक बकाया राशि केवल 65,229 रुपए थी। त्रुटिवश, कार्यकारी सहायक दीपक कुमार तिवारी ने 17 जनवरी को उपभोक्ता का बिल संशोधित किया, जिसमें 12174210 किलोवाट का असेस्ड यूनिट अंकित कर दिया गया था, जिसे उपखंड अधिकारी ने भी अप्रूव कर दिया। इस त्रुटि के कारण बिल की राशि अत्यधिक बढ़ गई, जिससे उपभोक्ता ने शिकायत की।इसके बाद, 03 फरवरी को उपखंड अधिकारी द्वारा बिल को पुनः संशोधित किया गया और 27,274 रुपए का सही बिल जारी किया गया। मंत्री के निर्देश पर, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल बस्ती ने संबंधित कार्मिक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की।ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कार्रवाई तत्काल और कठोर होगी, ताकि उपभोक्ताओं के साथ कोई भी अन्याय न हो और उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान हो सके।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार




लखनऊ (संवाददाता ) पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की सरोजनीनगर थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 31 जनवरी 2025 की है, जब वादी ने थाना सरोजनीनगर में शिकायत दी कि संदीप कुमार, निवासी सैनिक स्कूल सरोजनीनगर, लखनऊ, ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा लिया।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद किया और आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोपी ने नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाए और उसे शादी के लिए दबाव डाला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अतिरिक्त धाराओं के तहत मुकदमा बढ़ाया।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदीप कुमार को गिरफ्तार किया। वह उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, सरोजनीनगर में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करता था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।यह कार्रवाई सरोजनीनगर थाना पुलिस द्वारा की गई है, जिसमें जोन दक्षिणी कमिश्नरेट, लखनऊ की पुलिस टीम शामिल थी।

# मथुरा में उत्तरी कमान का अलंकरण समारोह, वीर सैनिक होंगे सम्मानित

लखनऊ(संवाददाता )। भारतीय सेना की उत्तरी कमान 12 फरवरी 2025 को मथुरा सैन्य छावनी में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम में उन वीर सैनिकों और सैन्य इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है।सेना की उत्तरी कमान के अंतर्गत आने वाले सैनिकों ने कई मौकों पर अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया है। उनके बलिदान और वीरता को सम्मानित करने के लिए यह समारोह आयोजित किया जा रहा है, जहां वीरता पुरस्कारों और विशिष्ट सेवा सम्मानों से उन्हें नवाजा जाएगा।इस प्रतिष्ठित आयोजन में लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ (जीओसी–इन–सी), उत्तरी कमान, वीर सैनिकों और सैन्य इकाइयों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान उन सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिन्होंने अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, विभिन्न सैन्य इकाइयों को उनकी असाधारण व्यावसायिकता और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए जीओसी–इन–सी यूनिट प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया जाएगा।मथुरा सैन्य छावनी, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध परंपराओं के लिए जानी जाती है, इस समारोह का साक्षी बनेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, सैनिक, नागरिक गणमान्य व्यक्ति और पुरस्कार विजेताओं के परिवारजन उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन सेना के मूल्योंकृनिष्ठा, निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रभक्तिकृको फिर से स्थापित करने और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने का कार्य करेगा।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल-वृंदावन योजना और मोहनलालगंज में नए परिसरों की घोषणा की गई

लखनऊ,05 फरवरी 2025 (यूएनएस)। भारत की अग्रणी के–12 स्कूल श्रृंखला, सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल्स ने लखनऊ में अपने नवीनतम सीबीएसई–पैटर्न 2 स्कूलों की स्थापना की घोषणा की है, जिससे प्रमुख शिक्षा में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। पहले शैक्षणिक सत्र (2025–26) के लिए प्रवेश 05 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले हैं, कक्षाएं अप्रैल 2025 में शुरू होंगी। अपने अभिनव दृष्टिकोण और पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षाशास्त्र को जोड़ने वाली दृष्टि के लिए जाना जाने वाला, जयपुरिया स्कूल एक बेजोड़ शैक्षणिक अनुभव का वादा करता है। पिछले दशक में, इस प्रतिष्ठित संस्थान को भारतीय शिक्षा कांग्रेस, ईएलइटी, स्कू न्यूज, डीआईडीएसी और अन्य प्रमुख संगठनों द्वारा भारत की सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक श्रृंखला के रूप में मान्यता दी गई थी। हाल ही में, जयपुरिया को एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा भारत का सबसे सम्मानित शिक्षा ब्रांड नामित किया गया था। 99ः प्रथम श्रेणी छात्र सफलता दर में परिलक्षित उत्कृष्टता की विरासत के साथ, समूह गर्व से 60 के–12 स्कूलों का संचालन करता है, जो 55,000 छात्रों को सेवा प्रदान करता है और 3,000 समर्पित शिक्षकों द्वारा समर्थित है। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसर कोई अपवाद नहीं होंगे, जो नवीन और आकर्षक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से शैक्षणिक प्रतिभा और समग्र विकास के लिए समान प्रतिबद्धता लाएंगे। वृन्दावन योजना और मोहनलाल गंज परिसरों में माता–पिता और छात्र एक ऐसे संस्थान की आशा कर सकते हैं जो आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दिमागों का पोषण करता हो, भारतीय परंपराओं, मूल्यों में गहराई से निहित हो और वैश्विक मानसिकता से भरा हो! जयपुरिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन श्रीवत्स जयपुरिया ने शिक्षा के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, "हम दृढ़ता से मानते हैं कि समग्र शिक्षा का लक्ष्य हमारे छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस करना है। अपनी परंपराओं में गहराई से जुड़े रहते हुए, हम 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीय मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। लगातार भारत के शीर्ष 10 में स्थान पाने वाले हमारे स्कूलों ने पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय 99ः प्रथम श्रेणी की सफलता दर हासिल की है, जिसमें छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि विभिन्न प्रकार की सह–पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा अद्वितीय संस्कृत पाठ्यक्रम देवभाषा न केवल एक भाषा है

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र





# भांजे के स्कूल में शमिता ने लगाई दौड़

फिटनेस के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का जवाब नहीं है। उनके फैन्स फिटनेस टिप्स के लिए भी अक्सर उन्हें फॉलो करते हैं। इस मामले में शिल्पा शेट्टी की ही तरह उनकी बहन शमिता शेट्टी भी पीछे नहीं हैं, जो चालीस की उम्र पार कर चुकी हैं लेकिन फिटनेस और एनर्जी के मामले में अपने हमउम्र और कभी–कभी अपने से कम उम्र के लोगों को भी टक्कर देती हैं। हाल ही में उनका एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो सरपट भागती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी यही कहेंगे कि उनकी फिटनेस लाजवाब है।

शमिता शेट्टी ने अपने ही इंस्टाग्राम अकाउंट से ये वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में शमिता शेट्टी फुल स्पीड में रेसिंग ट्रैक पर भागती हुई नजर आ रही हैं। उनके पीछे कुछ और लोग भी दौड़ रहे हैं लेकिन शमिता शेट्टी की रफ्तार के आगे सब फीके दिख रहे हैं। पूरी ताकत से दौड़ लगाते हुए शमिता शेट्टी इस रेस को जीत जाती हैं। ये वीडियो शेयर करते हुए शमिता शेट्टी ने कैप्शन में लिखा है कि 46 में भी शानदार। उम्र सिर्फ एक नंबर है। अब रूल्स नए सिरे से लिखे जाने चाहिए क्योंकि 46 अब नया 26 है। लास्ट में उन्होंने लिखा कैच मी इफ यू कैन।

शमिता शेट्टी जिस रेसिंग ट्रैक पर दौड़ लगा रही हैं वो उनके भांजे वियान के स्कूल का है। वियान उनकी बड़ी बहन शिल्पा शेट्टी के बेटे हैं। वियान के स्पोर्ट्स डे के मौके पर शमिता शेट्टी ने रेस जीती। आपको बता दें कि शमिता शेट्टी खुद भी फिटनेस फ्रीक हैं। वो अक्सर अपने वर्कआउट वीडियो शेयर करती हैं। और, वो किसी भी मौके पर वर्कआउट से समझौता नहीं करती हैं। अपनी बहन की तरह वो भी खुद को फिट रखने के लिए कई तरह के योगासन करती हैं। शमिता शेट्टी 2 फरवरी को अपना 46वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर एक्ट्रेस अपनी बहन शिल्पा शेट्टी और मां के साथ लंच पर पहुंची। इस दौरान पूरी शेट्टी फैमिली काफी स्टाइलिश लुक में दिखी। ¼fgQh½

# सलमान खान की फिल्म सिकंदर में शामिल हुई वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन, जताई खुशी




अभिनेता सलमान खान काफी समय से अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण में है।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे।अब सिकंदर की स्टार कास्ट में वरुण धवन की भतीजी और अभिनेत्री अंजिनी धवन शामिल हो गई हैं।

पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि निर्माताओं ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए अंजिनी से संपर्क किया था।अब आखिरकार वह फिल्म क स्टारकास्ट में शामिल हो गई हैं। अंजिनी ने खुद इसकी पुष्टि की।अंजिनी ने कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। जब भी मैं सिकंदर के सेट पर जाती हूं तो मुझे भरोसा नहीं होता। हर एक दिन एक सपने जैसा लगता है।अंजिनी ने सलमान की तारीफ की और कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी शंसक बन गई हूं। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद है। मुझझे शादी करोगी और पार्टनर जैसी उनकी फिल्में मेरी पसंदीदा फिल्में हैं। जब भी मेरा दिन खराब होता है, तो मैं सिर्फ पार्टनर देखती हूं और मैं बेहतर महसूस करती हूं। इसलिए सलमान के साथ काम करना एक सपने जैसा लगता है



# बैजू बावरा के प्रीमियर पर सादगी से पहुंचीं थीं मीना कुमारी

फिल्म प्रीमियर का मतलब इन दिनों ये हो चुका है कि उससे पहले सितारों का रेड कार्पेट पर वॉक जरूर होगा और उसके बाद ये चर्चे भी होते रहेंगे कि कौन सा सितारा किस लुक में नजर आया। फिल्म देखने लायक हो या न हो पर रेड कार्पेट पर सितारों के लुक्स जरूर यादगार हो जाते हैं। लेकिन एक जमाना ऐसा भी था जब फिल्म के प्रीमियर शोज सिर्फ फिल्म की तारीफ या आलोचना और जानकारों के रिएक्शन जानने के लिए हुआ करते थे। सितारे तब भी इन प्रीमियर शोज का हिस्सा होते थे लेकिन उनकी सादगी ही शो का आकर्षण हुआ करती थी। ऐसे ही एक प्रीमियर में मीना कुमारी की सादगी देख आप उन पर फिदा हो जाएंगे। 1952 की इस ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में वो अपनी बहन और कोस्टार्स के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं उस दौर के नामी सितारे भारत भूषण को। उनके बगल में खड़ी हैं मीना कुमारी। उनके बगल में हैं उनकी बहन मधु अली और बाएं से आखिरी हैं उनके एक और कोस्टार सुरेंद्र। इस तस्वीर को देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि उस दौर के सबसे हिट सितारे भी किस सादगी के साथ फिल्म के प्रीमियर में शामिल हुए थे। खुद मीना कुमारी एक सिंपल सा कुर्ता पहने दिख रही हैं। उनके एक कंधे पर दुपट्टा है जिसके साथ उन्होंने बहुत छोटे झुमके पेयर किए हैं। इंस्टाग्राम हैंडल के मुताबिक ये फोटो 5 अक्टूबर 1952 में रिलीज हुई फिल्म बैजू बावरा के प्रीमियर की है। भारत भूषण फिल्म के टाइटल रोल में थे और मीना कुमारी उनकी लव इंटरेस्ट गौरी बनी थीं। फिल्म बादशाह अकबर के जमाने की थी जिसमें बैजू बावरा नाम का गायक तानसेन को चुनौती देता है। इसके साथ ही फिल्म में रोमांस का एक अलग एंगल भी नजर आता है। फिल्म के आखिर में बैजू और उनकी प्रेमिका दोनों नदी की गहराइयों में समा जाते हैं।

# मोनालिसा की फिल्म की शूटिंग दिल्ली से शुरू होगी





महाकुंभ 2025 इन दिनों सुर्खियों में हैं। लोग पवित्र दिनों पर स्नान कर रहे हैं। यही नहीं, महाकुंभ से कई वीडियो भी वायरल हो रही हैं। ऐसी ही एक वायरल गर्ल मोनालिसा है जो आई थी महाकुंभ में माला बेचने के लिए लेकिन अपनी आंखों और नेचुरल ब्यूटी की वजह से फेसम हो गईं। कत्थई आंखों वाली मोनालिसा इतनी पॉपुलर हो गईं कि उनको वापस घर लौटकर आना पड़ा। यही नहीं, मोनालिसा जहां यूट्यूब पर एक्टिव हो गई हैं, वहीं उन्हें फिल्म में काम भी मिल गया है। मोनालिसा की डेब्यू फिल्म का नाम डायरी ऑफ मणिपुर है। अब इस फिल्म की शूटिंग के डिटेल्स भी सामने आ गए हैं।

फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि डायरी ऑफ मणिपुर फिल्म की शूटिंग 12 फरवरी को दिल्ली से शुरू होने जा रही है। यहां एक–दो सीन शूट होने हैं। मोनालिसा की फिल्म की शूटिंग इंडिया गेट पर होगी। यहां मोनालिसा भी मौजूद रहेगी। यही नहीं, मोनालिसा को मुंबई में एक्टिंग की क्लाससेस भी मिलेंगी ताकि उन्हें फिल्म के किरदार के लिए पूरी तरह से तैयार किया जा सके और एक्टिंग की बारीकियों को समझाया जा सके। महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की फिल्म का निर्देशन सनोज मिश्रा कर रहे हैं जिन्होंने मोनालिसा के गांव पहुंचकर फिल्म डायरी ऑफ मणिपुर के लिए उन्हें साइन किया था। फिल्म में मोनालिसा लीड रोल में होंगी। बताया गया है कि फिल्म के लिए मोनालिसा को लगभग 21 लाख रुपये की फीस मिली है। इसमें से एक लाख रुपये उन्हें साइनिंग अमाउंट के तौर पर दिए गए हैं। बता दें कि महाकुंभ 2025 में अपनी कजरारी आंखों और मुस्कान के चलते वायरल हुई मोनालिसा अपने घर मध्य प्रदेश के महेश्वर लौट चुकी हैं। वे महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में रुद्राक्ष माला बेचने वाली थीं लेकिन 15 दिन के अंदर ही उन्हें महाकुंभ छोड़ना पड़ा क्योंकि वायरल होने के कारण वह माला बेचने का काम ठीक से कर पा रही थीं और लोकप्रियता उनके लिए सिरदर्द बन गई थी। ¼fgQh½

# स्टाइलिश गाउन पहन सुरभि चंदना ने शेयर किया हस्ट लुक, एक्ट्रेस की हर एक अदाओं पर दिल हार गए फैंस



सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं।टीवी की जानी–मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका हर एक स्टाइल फॉलो करते हैं।

# सैफ अली खान की ज्वेल थीफ का टीजर आउट, नेटफ्लिक्स ने टोस्टर और राणा नायडू 2 के टीजर भी किए रिलीज



सैफ अली खान और जयदीप अहलावत पहली बार नेटफ्लिक्स की ज्वेल थीफरू द हीस्ट बिगिन्स में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे. मेकर्स ने सोमवार को नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट के हिस्से के रूप में फिल्म का टीजर जारी किया, जहां स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने 2025 के लिए अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की लिस्ट भी अनाउंस कर दी. पठान, वॉर और फाइटर जैसी एक्शन से भरपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के पहचाने जाने वाले डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इसे बनाया है. यह फिल्म धोखे, रहस्य और एक्शन से भरपूर एक हाई–स्टेक थ्रिलर होने का वादा करती है.

टीजर में जयदीप को एक पावरफुल क्रिमिनल के रूप में पेश किया गया है, जो दुनिया के सबसे मायावी हीरे– अफ्रीकी रेड सन को चुराने के लिए सैफ द्वारा निभाए गए एक चोर को काम रखता है. इस हीरे की कीमत 500 करोड़ रुपये है. टीजर में कुणाल कपूर की भी अहम भूमिका में झलक मिलती है. जनवरी में अपने घर पर हुए हमले के बाद सैफ अली खान का पहला प्रोजेक्ट अनाउंसमेंट है. नेटफ्लिक्स ने राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा स्टारर अपनी नई कॉमेडी टोस्टर का टीजर भी रिलीज किया है. कहानी एक साधारण शादी के तोहफे – एक फैंसी टोस्टर – से शुरू होती है, लेकिन जब शादी टूट जाती है तो यह पूरी तरह तब कहानी में कई मोड़ और रोमांच आते हैं. टीजर में राजकुमार और सान्या एक न्यूली वेड कपल को महंगा टोस्टर गिफ्ट में देने से पहले कुछ मजेदार बातें करते हैं. लेकिन जब चीजें बिगड़ जाती हैं, तो राजकुमार का किरदार टोस्टर वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश करता है, जिससे कई मजेदार हादसे होते हैं. राणा दग्गुबाती का सबसे पसंदीदा क्राइम शो राणा नायडू अपने दूसरे सीजन के साथ वापस आ गया है. मुंबई में सोमवार को आयोजित एक भव्य नेटफ्लिक्स इवेंट में राणा नायडू सीजन 2 का टीजर लॉन्च किया गया. इस रोमांचक थ्रिलर की दूसरी किस्त में राणा और वेंकटेश दग्गुबाती के अलावा अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे. नेटफ्लिक्स ने राणा नायडू 2 का एक्शन से भरपूर टीजर रिलीज किया. राणा अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आखिरी काम पर निकलता है. इससे पहले कि वह फिक्सिंग के धंधे से हमेशा के लिए बाहर निकल जाए.

# स्काई फोर्स की कमाई में आई कमी, 11वें दिन हुई अब तक की सबसे कम कलेक्शन

संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा जॉइंटली निर्देशित, श्स्काई फोर्सय ने 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. भारत की पहली एयर स्ट्राइक पर बेस्ड एयर एक्शनर में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया ने भारतीय वायुसेना अधिकारियों की भूमिका निभाई है. फिल्म में निमरत कौर और सारा अली खान भी अहम रोल में हैं.श्स्काई फोर्सय ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है और मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक ये फिल्म 100 करोड़ के पार हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं श्स्काई फोर्सय ने रिलीज के 11वें दिन कितना कलेक्शन किया है?श्स्काई फोर्सय ने सिनेमाघरों में रिलीज के 11 दिन पूरे कर लिए हैं. इस फिल्म ने अक्षय कुमार की पिछली कई फिल्मों के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है और इसी के साथ इसने शानदार कलेक्शन भी कर लिया है.

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।